## दैनिक पंचाग

सूर्योदयः 06:41 ए एम
सूर्यास्तः 05:29 पी एम
तिथिः पंचमी - 10:25 पी एम तक
नक्षत्रः मगशिरा - 07:33 ए एम तक
योगः सिद्ध - 10:04 पी एम तक
करणः बव - 09:18 ए एम तक
द्वितीय करणः बालव - 10:25 पी एम तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः रविवार

हिन्दी दैनिक

# झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ





Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 202 • अंक 227 • पृष्ठ 8 • दुमका, रविवार 13 नवंबर 2022 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com







## तेलंगाना: विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम मोदी

# गरीबों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: पीएम मोदी

हैदराबाद/एजेंसी।



तेलंगाना के बेगमपेट में पीएम मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह दुख की बात है कि जो लोग तेलंगाना के नाम पर आगे बढ़े, सत्ता में आए, राज्य को पीछे धकेल दिया. साथ ही उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि तेलंगाना की सरकार और नेता हमेशा राज्य की क्षमता और उसके लोगों की प्रतिभा के साथ अन्याय करते हैं. उन्होंने अपने बयान में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि तेलंगाना के नाम पर फले-फूले और राज्य पर शासन करने वाले लोगों ने राज्य की प्रगति को धीमा कर दिया।

आगे उन्होंने कहा कि भाजपा के मेहनती कार्यकर्ताओं के कारण अब अंधेरा छंटने लगा है. यह हाल के चुनावों के नतीजों से स्पष्ट है. हाल के उपचुनावों से पता चलता है कि सूरज उगेगा और पूरे तेलंगाना में कमल खिलेगा। तेलंगाना से बीजेपी का बहुत अलग कनेक्शन है. पीएम मोदी ने बताया कि 1984 में, जब हमारी पार्टी ने चुनावों में केवल दो सीटें जीतीं, उनमें से एक तेलंगाना की हनमकोंडा सीट थी. तेलंगाना के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण ही भाजपा के पास लोकसभा में 300 से अधिक सीटें हैं।

आगे उन्होंने वर्तमान सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि तेलंगाना सरकार अंधविश्वास को बढ़ावा दे रही है। अगर हमें तेलंगाना का विकास करना है तो हमें अंधविश्वास से दूर रहना होगा। आगे उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोग एक ऐसी भाजपा सरकार चाहते हैं जो सिर्फ एक परिवार के लिए नहीं बल्कि हर परिवार के लिए काम करे। जनसभा को आश्वस्त करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि गरीबों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. कार्रवाई से बचने के लिए कुछ लोग गिरोह बनाकर भ्रष्टों का गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि तेलंगाना और देश की जनता इस पर पैनी नजर रखे हुए है।

आगे अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि जन धन, आधार और मोबाइल की त्रिशक्ति के माध्यम से हम सभी फर्जी लाभार्थियों को हटाने में सफल रहे हैं। गरीबों के खाते में सीधे पैसा पहुंच रहा है। पहले गरीबों के पैसे और राशन धोखाधड़ी के जरिए लूटा जाता था। आगे कार्यकर्ताओं से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि तेलंगाना के कार्यकर्ताओं से मेरा व्यक्तिगत अनुरोध है कि कुछ लोग हताशा, भय और अंधविश्वास के कारण मोदी के लिए चुनी हुई गालियों का इस्तेमाल करेंगे। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इन युक्तियों से न भटकें।

## राजीव गांधी हत्याकांड

# सभी दोषी रिहा, जेल से बाहर निकली नलिनी



वेल्लोर/एजेंसी।

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के सभी 6 दोषियों को रिहा करने का आदेश दे दिया. रिहाई को ऑर्डर मिलने के बाद तीन दशक से उम्रकैद की सजा काट रही नलिनी श्रीहरन वेल्लोर जेल से शनिवार को बाहर निकल गयीं। मालूम हो रउ ने नलिनी के अलावा, जिन पांच अन्य को रिहा करने का आदेश दिया है, उसमें आर पी रविचंद्रन, नलिनी के पति वी श्रीहरन उर्फ मुरुगन, संतन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार शामिल हैं। श्रीहरन, संतन, रॉबर्ट और जयकुमार श्रीलंकाई नागरिक हैं।

## हिमाचल प्रदेश विस चुनाव

# 55.65 प्रतिशत हुआ मतदान



नई दिल्ली/एजेंसी।

हिमाचल प्रदेश में दोपहर 3 बजे तक 55.65 फीसदी मतदान हुआ. लाहौल-स्पीति में सर्वाधिक 62.75 फीसदी और चम्बा जिला में सबसे कम 46 फीसदी मतदान हुआ। बताते चलें कि विधानसभा चुनाव में इस बार 412 उम्मीदवारों में से 24 महिलाएं और 388 पुरुष हैं।

पहले घंटे में करीब पांच प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पूर्वाह्न 11 बजे तक 19.98 प्रतिशत मतदान हो चुका था। अपराह्न एक बजे तक 37.19 प्रतिशत मतदान जबकि दोपहर 3 बजे तक 55.65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार सिरमौर जिले में सबसे अधिक 41.89 फीसद जबकि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृह जिले मंडी में 41.17 प्रतिशत मतदान हो चुका है। ऊंचाई वाले जिले लाहौल-स्पीति में अपराह्न एक बजे तक 21.95 प्रतिशत जबकि चंबा में 28.35 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।






## संक्षिप्त समाचार

### शाहरुख खान को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने रोका, 7 लाख रुपए का जुर्माना



**मुंबई/एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम्स ने रोक लिया। एयरपोर्ट पर तैनात एयर इंटेलिजेंस यूनिट यानी अक्ष के सूत्रों ने बताया कि शाहरुख शुक्रवार रात को शारजाह से लौटे थे। उनके पास महंगी घड़ियां और उनके कवर थे, जिनकी कीमत 18 लाख रुपये थी। इन घड़ियों के लिए शाहरुख को 6.83 लाख रुपए की कस्टम ड्यूटी चुकानी पड़ी। शाहरुख खान प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन से शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे मुंबई पहुंचे थे। यहां ळ-3 टर्मिनल पर रात करीब 1 बजे रेड चैनल पार करते समय कस्टम ने शाहरुख खान और उनकी टीम को रोका था। उनके बैग की जांच में Babun & Zurbk घड़ी, Rolex घड़ी के 6 डिब्बे Spirit ब्रांड की घड़ी, ऐपल सीरीज की घड़ियां मिलीं।

## बिज़नेस

**बीएसई सेंसेक्स**

61,795.04+1,181.34 ( 1.95% )

**निफ्टी**

18,349.70+321.50 ( 1.78%)

# नहीं रहे दिग्गज फिल्म निर्माता-निर्देशक राकेश कुमार, 81 वर्ष की उम्र में निधन

मुंबई/एजेंसी।



दिग्गज फिल्म राइटर निर्माता-निर्देशक राकेश कुमार का मुंबई में निधन हो गया है। वह 81 वर्ष के थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्देशक ने 10 नवंबर 2022 को अंतिम सांस ली।

उनके परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म निर्माता कैंसर से पीड़ित थे।

# ममता के मंत्री अखिल गिरी का राष्ट्रपति मुर्मू पर अपमानजनक बयान

कोलकाता/एजेंसी।



टीएमसी के नेता अखिल गिरी ने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी की है। टीएमसी नेता अखिल गिरी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अपमानजनक बयान को लेकर बीजेपी हमलावर हो गई है और टीएमसी नेता अखिल गिरी की गिरफ्तारी की मांग की है। भाजपा कार्यकर्ता, पश्चिम बंगाल में विवादित बयान के लिए टीएमसी नेता अखिल गिरी को अरेस्ट करने की मांग कर रहे हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अपमानजनक टिप्पणी का वीडियो वायरल होने के बाद टीएमसी नेता अखिल गिरि ने माफी मांग ली है। सोशल मीडिया पर वायरल 17 सेकंड के वीडियो में टीएमसी नेता अखिल गिरि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को विवादित बयान देते हुए दिख रहे हैं।

### ● टीएमसी नेता को बर्खास्त करने की मांग

» केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अखिल गिरी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपने मंत्री को तुरंत बर्खास्त कर देश से लेकर माफी मांगने की मांग की है। अर्जुन मुंडा ने ममता बनर्जी के मंत्री अखिल गिरी द्वारा देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर की गई टिप्पणी को अभद्र, अशोभनीय, निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# संक्षिप्त समाचार

## हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ भाजपा ने किया धरना प्रदर्शन



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** वर्तमान हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष लालचंद पाल के नेतृत्व में जनाक्रोश रैली निकालकर काठीकुंड प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पहूंचे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर निशाना जमकर साधा ।मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं से अवगत होकर समाधान के लिए कार्यकर्ताओं को कई निर्देश दिए ।पूर्व मुख्य मंत्री गोपीकंदर में आयोजित कार्यक्रम से लौट रहे थे। अवसर पर जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार में खनिज संपदा की लूट मची है। यहां की लचर विधि व्यवस्था से आम लोग त्रस्त है ।सरकार हर मामले में विफल है ।हेमंत सोरेन सरकार अपने काम को छोड़कर अवैध खनन में लगी है। जनाक्रोश रैली में जिला अध्यक्ष परीतोष सोरेन,महामंत्री कामेश्वर गुप्ता,लोकसभा प्रभारी स्त्येदर सिंह,प्रमुख विमला निप्पू सोरेन,मुखिया छोटू मुर्मू,चांदनी देवी, पवन भगत,राजू दत्ता,मनोज नाग,जगदीश सिंह,नकुल राय,सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मतदान केन्द्रों में विशेष कैम्प का आयोजन



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह - उपायुक्त, दुमका के निदेशानुसार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के तहत दुमका प्रखण्ड अन्तर्गत आज सभी मतदान केन्द्रों में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने, हटाने, किसी भी प्रकार के त्रुटि को दूर करने फोटो बदलने और आधार सीडिंग का किया जा रहा है । वैसे मतदान केन्द्र संख्या - 66, 68, 69, 70, 46, 50, 56, 58, 59, 60, 63, 65, 01, 10, 13, 16, 18, 21, 22, 23, 24, 25, 29, 30, 33, 34, 35, 37 एवं 44 जहाँ प्रपत्र - 6 की प्राप्ति ₹शून्य₹ है, उन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी -सह- सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, दुमका के नेतृत्व में महिला पर्यवेक्षिका और कार्यालय कर्मी के द्वारा किया गया। निरीक्षण के उपरान्त संबंधित मतदान केन्द्र के बी०एल०ओ० और बी०एल०ओ० पर्यवेक्षक के द्वारा बताया गया कि प्रपत्र -6 मतदाता सूची नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्राप्त हो गया है, जिसका ऑनलाईन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नाम हटाने के लिए प्रपत्र - 7 और फोटो बदलने के लिए प्रपत्र - 8 भी प्राप्त हुआ है । विशेष कैम्प कल 13 नवबर को भी सभी मतदान केन्द्रों में किया जायेगा।

# आदिवासी मूलवासीयों के हित के लिए हेमंत सरकार निरंतर कार्य कर रही है: बसंत सोरेन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** मसलिया प्रखंड के आमगाछी एवं कुसुमघाटा पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया.इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बसंत सोरेन उपस्थित रहे ,उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासीयों के हित के लिए हेमंत सरकार निरंतर कार्य कर रही है.आदिवासियों मूलवासियों एवं ओबीसी को ध्यान में रखते हुए 1932 के खतियान को आधार मानकर राज्य में स्थानीय नीति निर्धारण एवं ओबीसी के लिए 27% आरक्षण का विधेयक विधानसभा में पारित कर दिया गया .इससे साफ जाहिर है कि जनता की अपेक्षाओं के अनुसार हेमंत सरकार कार्य कर रही है .जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ सरकार बनाई थी उनके अनुरूप सरकार कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि जनता सि-र्फ राशन और पेंशन के लाभ लेने के लिए ही पड़े रहते हैं अधिक से अधिक तो आवास का मांग करते हैं सरकार नौजवान लड़कों के लिए कौशल विकास , उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति विशेष ट्रेनिंग दिला कर स्किल डेवलपमेंट करा रही है ,जिससे आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार से जुड़ सकें, किशोरी बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू कर बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने का काम किया है .उन्होंने गरीबो के पेंशन, राशन,गोल्डन कार्ड,ई श्रम कार्ड जैसे कई योजना की परिसंपत्तियों का वितरण अपने हाथों से किया. जरूरतमंद लाभुकों ने विधायक से मिलकर अपना अपना समस्याओं से अवगत कराया.उन्होंने कुछ लोगों के समस्यायों को तुरंत समाधान किया.वही कुछ आवेदनों पर लाभुकों को कहा कि कागजी प्रक्रिया पूरा होने पर लाभ मुहैया कराया जाएगा.सभी योग्य लाभुकों के आवेदन पर कार्रवाई होगी. इस कार्यक्रम के तहत समाजिक सुरक्षा पेंशन,खाद्य आपूर्ति, कृषि विभाग, पशुपालन, पीएम आवास, मनरेगा, अंचल कार्यालय, पेयजल एवं विद्युत विभाग, स्वास्थ्य,बाल विकास परियोजना,जेएसएलपीएस,कल्याण, शिक्षा,पंद्रहवीं वित्त आयोग, श्रम विभाग, जैसे कई महत्वपूर्ण विभागों का स्टाल लगाया गया.जहां विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे. लाभुकों ने अपने अपने आवेदन संबंधित स्टालों में जमा किया. जेसेलपीएस के फुलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत आमगाछी में पांच,कुसुमघाटा में पांच- पांच दीदियों के बीच विधायक बसंत सोरेन ने 50-50हजार का चेक सहित प्रशस्ति पत्र वितरण किया.ये योजना के तहत महिलाओं को हड़िया दारू छोड़कर मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास सरकार कर रही है.सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 10 किशोरियों के बीच प्रमाण पत्र दिया गया.उन्होंने कहा कि बच्चियों की उच्च शिक्षा के लिए यह राशि प्रदान किया जा रहा है. सभी लाभुकों को स्टॉल तक पहुंचाने में कर्मी लगे रहे. आमगाछी पंचायत में 1052 में से 159 आवेदन पर तुरन्त निपटारा हुआ. वही कुसुमघाटा पंचायत में 1055 आवेदन में से 154 आवेदन पर निपटारा तुरन्त हुआ.शिविर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का आवेदन जमा हुआ.मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी महेश्वर महतो,प्रखंड वरीय पदाधिकारी संजय कशयप,बीडीओ पंकज कुमार रवि,प्रमुख वासुदेव टुडू,निशित वरण गोलदार,मुखिया लुगनी मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार एवं अवैध खनन लूट में जेल जाने का एहसास होते ही हड़बड़ी में पारित कर दिया ओबीसी आरक्षण व 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति : रघुवर दास

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शनिवार को गोपीकांदर पहुंचे। गोपीकांदर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुके और माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। बताते चलें कि रघुवर दास गोपीकांदर भाजपा के मंडल अध्यक्ष नकुल साह के पुत्र को विवाह की अग्रिम बधाई देने पहुंचे थे। उन्होंने नकुल साह के पुत्र श्रवण कुमार को विवाह की अग्रिम बधाई दी और वैवाहिक जीवन सुखमय होने की कामना की। मौके पर लिट्टीपाड़ा विस के भाजपा प्रत्याशी रहे दानियल किस्कू, युवा कार्यकर्ता मितुल कुमार दास, नरेश मंडल, जिला महामंत्री मैनों मुर्मू, शोभा देवी, गोपाल कुमार मंडल, कैलाश मंडल सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। दुमका सर्किट हाउस में पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने पत्रकारों से भी बात की। उन्होंने हेमंत सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भ्रष्टाचार एवं अवैध खनन लूट में जेल जाने का एहसास होते ही हड़बड़ी में हेमन्त सोरेन ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को 27% आरक्षण का विधेयक पारित कर झारखंडियों को धोखा दिया है। हेमन्त अपने को जेल से बचाने के लिए ऐसे विधेयक पारित कर रहे है जो अधर में लटक जाए। उन्होंने बताया कि उनके सरकार में किये गए भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए आरक्षण और 1932 का बिल पारित कर दिया ताकि आम जनता की उनको सहानुभूति मिल सके, लेकिन राज्य की जनता सब जानती है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता की सेवा एवं वर्तमान सरकार की नाकामी को जन-जन तक पहुंचाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है। यह सरकार केवल घोषणा एवं कागज तक ही सीमित रह गई है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अधक्ष परितोष सोरेन एवं पूर्व जिला अध्यक्ष निवास मंडल मौजूद थे।

## ठहराव की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गोड्डा सियालदाह ट्रेन को बागदाह स्टेशन पर रोका



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**शिकारीपाड़ा (दुमका)** । गोड्डा सियालदाह भाया रामपुरहाट ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर शनिवार को पाक दहा हरिन सिंघा स्टेशन पर आसपास के हजारों ग्रामीणों ने ट्रेन को बागदाह स्टेशन पर रोक दिया ।ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर लाल झंडा गाड़ कर ट्रेन को 12 मिनट तक रोक कर रखा ।ग्रामीणों का मांग है कि अप एंड डाउन में इस ट्रेन का ठहराव हरिन सिंघा पाक दहा स्टेशन पर होना चाहिए ।यह ट्रेन आज से ही गोंडा से सियालदह के लिए शुरू हुई है ।इस ट्रेन का ठहराव दुमका से सीधे रामपुरहाट रखा गया है ।आरपीएफ के अवर निरीक्षक सुभजीत सरकार ने आरपीएफ के जवानों के साथ काफी प्रयास किया कि ग्रामीण ट्रेन को नहीं रोके फिर भी ग्रामीण नहीं माने और 12 मिनट तक ट्रेन को रोके रखा। अंत में अवर निरीक्षक शुभ अजीत सरकार द्वारा मौखिक आश्वासन दिया गया कि 27 नवंबर तक इस ट्रेन का ठहराव करने के लिए वे उच्च अधिकारियों से बात करेंगे तथा ग्रामीणों को सुझाव दिया कि आप लोग एक आवेदन देकर डीआरएम से मांग करें।




# कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा का पाकुड़ से किया आगाज






(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़** । भारत जोड़ो यात्रा का आगाज कांग्रेस पार्टी के द्वारा जिले के पाकुड़ प्रखंड के चांचकी गांव से पदयात्रा का शुभारंभ किया। जिसका नेतृत्व प्रदेश संयोजक सुबोध कांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ठाकुर, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश सचिव तनवीर आलम ने संयुक्त रूप से किया। पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेश के जिला एवं प्रखंड कमेटी पंचायत कमेटी से लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ता आम व्यक्ति जुड़े हुए थे पदयात्रा में भारत जोड़ो भारत जोड़ो बेरोजगारी हटाओ बेरोजगार को रोजगार दो राहुल गांधी जिंदाबाद सोनिया गांधी जिंदाबाद आलमगीर आलम जिंदाबाद के नारे गूंज रहे थे पदयात्रा चांचकी गांव से होते हुए मुफ्फसिल थाना होते हुए स्वामी विवेकानंद चौक होते हुए हरिणडांगा बाजार होते हुए गांधी चौक होते हुए अंबेडकर चौक होते हुए रथ मेला मैदान में पहुंची जो सभा में तब्दील हो गई उसके बाद सभा को संबोधित करते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का आज 66 वा दिन है हम सभी मिलकर गांव गांव में आम जनों को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं एवं मोदी सरकार के खिलाफ बेरोजगारी महंगाई को लेकर आम जनों को बताने का काम कर रहे हैं राहुल गांधी को पप्पू कहे जाने वाले लोग देख ले कि पप्पू आज क्या कर रहा है प्रतिदिन 25 किलोमीटर से अधिक पैदल यात्रा कर आम लोगों से मिलकर उनकी समस्या से रूबरू हो रहे हैं और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यात्रा कर रहे हैं 2024 के चुनाव में केंद्र से दिल्ली की सत्ता से भाजपा को समाप्त कर देना है वही सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश संयोजक सुबोध कांत सहाय ने कहा कि मोदी हरिश्चंद्र का औलाद है जो बाहर से है जो मोदी को नहीं मानता उसे जेल भेज देता है मैं मोदी को रग-रग से जानता हूं क्योंकि मोदी ढाई वर्ष जेल में रहकर राजनीति शुरू की है राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा किसी को रास नहीं आ रही है लेकिन हम झारखंड के चपपे चपपे से वाकिफ हैं और नापने का काम करेंगे भारत जोड़ो यात्रा बेरोजगारी पर रोक लगाने का है भारत जोड़ो यात्रा संविधान को मानने का है भारत जोड़ो यात्रा बलिदानी को सम्मान दो किसानों को अधिकार दो का है ना कि संवैधानिक एजेंसियों के द्वारा यूपीए गठबंधन शासित राज्यों के राज्य सरकारों को परेशान करने का है 2004 के लोकसभा में सोनिया गांधी को सभी ने प्रधानमंत्री मान लिया था लेकिन सोनिया गांधी ने उठकर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री पद के लिए चयन किया एक तरफ गांधी परिवार त्यागी बलिदानी है और दूसरी तरफ मोदी ढोंगी और मदारी राहुल गांधी को लोकसभा में सदन में बोलने नहीं दिया जाता है उनके माइक को बंद कर दिया जाता है यही वजह है कि श्री गांधी आम लोगों के बीच जा रहे हैं और उनसे नाता जोड़ रहे हैं उनकी समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं एक चाय वाला 1000000 का सूट पहनता है और 1 दिन में 4 बार बदलता है तो राहुल गांधी तो सोने का चम्मच लिए ही पैदा हुए उनके खानदान में नाना दादी पिता सभी प्रधानमंत्री ऐसे में तुलना करना ठीक नहीं है वही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आप चलिए साथ चलिए चले चलो चलना ही लोगों की जिम्मेदारी है जो थक कर बैठ जाते हैं उन्हें मंजिल नहीं मिलती है इसलिए हमेशा चलते रहना चाहिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की गई है जो पूरे देश में हो रहा है जिस प्रकार से बलात्कारियों हत्यारों को बरी किया जाता है प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों को कोर्ट के द्वारा बरी किया जाता है उस पर भाजपा एक शब्द नहीं बोलती है ।

जब राहुल गांधी भारत जोड़ यात्रा पर निकले हैं तब उनके पिता के हत्यारे को बरी किया जाता है यह सरकार आतंकवादियों उग्रवादियों नक्सलवादियों की सरकार है भाजपा गुजरातियों मैं बलात्कारियों के साथ है क्योंकि चुनाव आने वाले हैं और जब जब चुनाव आता है तब भाजपा ऐसा काम करती है भाजपा गुजरात में बलात्कारियों का साथ दे रही है जब से झारखंड में सरकार आपके द्वार आपके घर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं तब से भाजपा घबरा गई है तब से ही झारखंड में सरकार परेशानी में आ गई है सरकार को बार-बार गिराने का प्रयास किया जा रहा है।

हमने जनता से जो वादा किया था उसे पूरा करने का काम किया है चाहे वह 1 932 का खतियान हो या 27% आरक्षण की बात हो सभी वादो पर खरा उतरा सदन में अपनी बात को मनवाने का काम किया है हम जो कहते हैं वह करते हैं इसलिए उसका कोई विरोध नहीं करता है झारखंड की जनता महागठबंधन की सरकार का जय जयकार करते हैं हम सब को पूरे देश में निकलना होगा और सिर्फ झारखंड ही नहीं दिल्ली में भी हमारी सरकार होगी पहले भी हम लोगों ने झारखंड से भाजपा को खदेड़ा था और अब भी उसे उखाड़ने का काम करेंगे अंत में शायराना अंदाज में कहा कि कैसे कैसे मंज़र सामने आने लगे हैं हिंदू से लेकर मुसलमान तक चिल्लाने लगे हैं अब तो बदल दो तालाब का पानी कमल फूल मुरझाने लगे सभा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष उदय लखवानी उपाध्यक्ष बलाई सरकार पप्पू गंगवानी अंसार उल हक राजू साइन परवेज सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही पाकुड़िया झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पाकुड़ जिला में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने जाने के क्रम में पाकुड़िया प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष इस्लाम मिया के नेतृत्व में करुडीह मोड़ से स्वागत कर पाकुड़िया बाजार में भारत जोड़ो यात्रा में लेकर आये प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी का भब्य स्वागत किया गया सम्मानित। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि महेशपुर बिधानसभा में यहाँ के कार्यकर्ताओ में ऊर्जा की कमी नही। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर संथाल परगना कोडिनेटर सुल्तान अहमद ने सिधो कान्हू का माल्यार्पण कर कहा कि ये धरती बीरो की है और कांग्रेस पार्टी हमेशा शहीदो का सम्मान करती है।आज हमारे नेता राहुल गांधी देश को जोड़ने नफरत को खत्म करने भाईचारा को बढ़ाने निकले है आप भी साथ दे आज देश राहुल गांधी जी की ओर बहुत उम्मीद से देख रहा है मौके पर उपस्थित पूर्व प्रत्याशी देवीलाल मुर्मू युवा नेता दाऊत मराडी, कमाल अंसारी, स्टीफन मरांडी, आर्नेट हासदा प्रखंड अध्यक्ष कलमुद्दीन शेख नकुल राय प्रखंड सचिव कमालुद्दीन मियां मनोहर आलम कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

उपायुक्त ने छात्रों के साथ किया आत्मीय संवाद

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़ः

शनिवार को उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा हिरणपुर प्रखंड स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, पी.टी.जी आवासीय प्राथमिक विद्यालय धनगढ़ा, लिट्टीपाड़ा एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, कदवा धरमपुर, लिट्टीपाड़ा का औचक निरीक्षण किया।उपायुक्त वरुण रंजन ने सभी आवासीय विद्यालयों में संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही कक्षा के छात्रों से शिक्षा के गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने छात्रों से मुखातिब होते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताईं। छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। शिक्षा जीवन की महत्वपूर्ण आधारशिला है। शिक्षा अर्जन में किसी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही न हो। अपने भविष्य को बेहतर करने एवं बेहतर समाज निर्माण में बेहतर योगदान दें। बच्चों के जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा के प्रति अभिरुचि लेते हुए विद्यालय के छात्रों को शिक्षित करने का निर्देश दिया। साथ हीं बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने का निर्देश दिया। विद्यालय निरीक्षण के क्रम में सुचारू रूप से बिजली हेतु जेनरेटर की व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया। सोलर जल मीनार एवं बोरिंग की व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। विधि -व्यवस्था सहित रहने-खाने एवं स्टोर रूम की जांच की। प्रतिदिन रूटीन वाईज मिलने वाले अल्पाहार एवं भोजन की सूची का अवलोकन किया। उपायुक्त ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य आवासीय विद्यालय में शिक्षा को बढ़ावा देना। साथ ही छात्रों को पढ़ाई संबंधित व्यवस्था को ओर भी बेहतर बनाना ताकि बच्चों को पढ़ाई में किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इसके लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार द्विवेदी, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, हिरणपुर बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी, हिरणपुर सीओ मनोज कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी बिजन उराँव, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजुर, लिट्टीपाड़ा बीडीओ संजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, आवास के लिए दिया गया सर्वाधिक आवेदन

- **आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत डेरमा पंचायत में लगा शिविर**



**बसंतराय। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । प्रखंड क्षेत्र के डेरमा पंचायत अंतर्गत डेरमा गांव के मध्य विद्यालय के सामने शनिवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टाल लगाए गए। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी । शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अंजर अहमद, डेरमा पंचायत के मुखिया रिंटू चौधरी, जिला परिषद सदस्य अब्दुल वहाब शम्स, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाष चंद्र दास, अंचलाधिकारी मुंशी राम ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन वृद्धावस्था पेंशन तथा राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, के लिए दिए गए। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाष चंद्र दास ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो इसके लिए इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है। लोगों से अपील की कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। जो लोग शिविर में आवेदन नहीं दे सके हैं, ऐसे लोग बाद में भी प्रखंड, अंचल या संबंधित विभाग में आवेदन देकर अपनी मांग रख सकते हैं। शिविर के माध्यम से कई लोगों को वृद्धावस्था पेंशन का प्रमाण पत्र भी कार्यक्रम के दौरान सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं तथा पुरुषों ने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, दाखिल खारिज आदि से संबंधित आवेदन दिए। जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। आगे उन्होंने बताया की शिविर में प्राप्त हुए आवेदन का निष्पादन शीघ्र कर दिया जाएगा।

## बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल एवं भारत भारती पब्लिक स्कूल ने जीता मैच




**गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । रितेश मेमोरियल स्कूली लीग प्रतियोगिता के दौरान शनिवार को पहले मैच में पारामाउंट इंटरनेशनल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 86 रन पर ऑल आउट हो गई।बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल ने सिर्फ 10 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाकर मैच जीत लिया।बिरसा मुंडा के अंकित कुमार ने सिर्फ 32 गेंद में 68 रन की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंकित कुमार को क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव मिर्जा सब्बीर हुसैन के द्वारा दिया गया।

दूसरे मैच में भारत भारती पब्लिक स्कूल ने डीएवी स्कूल को 73 रन से पराजित किया।भारत भारती पब्लिक स्कूल की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 128 रन पर ऑल आउट हो गई।अभिषेक आनंद ने 25 रन एवं शुभम आनंद ने 24 रन की पारी खेली।चमन राजा ने 4 विकेट प्राप्त किया।जवाब में डीएवी पब्लिक स्कूल सिर्फ 55 रन पर ऑल आउट हो गई।भारत भारती के दिव्यांशु ने 4 ओवर में 4 मेडन देकर 5 विकेट हासिल किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिव्यांशु चौधरी को क्रिकेट संघ के वरिष्ट सदस्य अजीत सिंह के द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर मनीष सिंह, मोहम्मद किरमान अंसारी, सनोज कुमार, विजय कुमार, संजीव कुमार, मुकेश मंडल, अजीत कुमार, नीरज सिंह, नंदन, बबलू उपस्थित थे।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर डीसी ने लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बूथों का किया निरीक्षण

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)




**पाकुड़** । उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने शनिवार को जिले में चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभिन्न मतदान केंद्रों में जाकर निरीक्षण किया। उपायुक्त ने 04 लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 37, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लिट्टूटीपाड़ा रोड़गो, मतदान केंद्र संख्या 133, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रामनाथपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम मतदान केंद्रों पर उपस्थित बीएलओ, सुपरवाइजर से मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी लिए तथा उनके द्वारा भरे जा रहे आवेदनों को देखा। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए मतदाताओ के लिये फॉर्म 6 तथा मृत तथा स्थानांतरित मतदाताओ के लिए फॉर्म 7 भरने का निर्देश दिया। जिनका नाम या अन्य मे सुधार करना हो उसे फॉर्म 8 भरने को दिया गया है।

## अमड़ापाड़ा में फिर एक बार चोरों ने दस्तक दी, रॉयल इनफील्ड बुलेट की चोरी

- **अमड़ापाड़ा प्रखंड मोटरसाइकिल मालिक हो जाए सावधान**

**पाकुड़ । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । अमड़ापाड़ा में फिर चोरों ने दी दस्तक। प्रखंड क्षेत्र में चोरों का आतंक फिर एक बार चर्चा का विषय बना है। अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के बाजार निवासी सुमन कुमार भगत के सफेद रंग के बुलेट चोर के द्वारा चोरी कर फरार हो गया है। या घटना बीती मध्य रात्रि की है। चोरों का इतना हौसला बुलंद की चारदीवारी के अंदर रखे मोटरसाइकिल को चोरी करने में कामयाब हो गया। वन प्रक्षेत्र कार्यालय के समीप एक घर से चोरों ने लोहे के गेट पर लगा ताला तोड़कर बाइक की चोरी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमड़ापाड़ा निवासी सुमन कुमार ने अपने रॉयल एनफील्ड बुलेट वाहन संख्या जेएच 15 पी 7163 को शुक्रवार रात अपने घर के आंगन में लगाकर सोया हुए था। सुबह जब सुमन अपने कमरे से बाहर निकले तो उन्होंने देखा की मोटरसाइकिल अपने जगह पर खड़ी नहीं है। बीते रात्रि उन्होंने जहाँ अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी, वहाँ से उनकी मोटरसाइकिल गायब था। सुमन कुमार भगत आस-पास काफी खोजबीन करने के बाद भी बुलेट मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला। खबर भेजे जाने तक थाना में बुलेट मोटरसाइकिल की चोरी से संबंधित कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।



## स्थानीय और आरक्षण बिल पारित होने की खुशी में झामुमो कार्यकर्ता सहित आम लोगो में खुशी की लहर

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)



**पाकुड़** । पाकुडिया मुख्यालय स्थित झामुमो कार्यालय पाकुडिया में शनिवार को कार्यकर्ताओ ने सामूहिक रुप से इकट्ठा होकर विधानसभा के विशेष सत्र में पार्टी के माननीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों जैसे खतियान आधारित झारखंड स्थानीय नीति, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण इत्यादि विधेयक को झारखंड विधान सभा से पारित होने के इस ऐतिहासिक निर्णय का जोरदार स्वागत किया गया इसकी खुशी में कार्यकर्ताओ ने रैली निकाल कर हेमंत सरकार के पक्ष में जोरदार नारेबाजी की पटाखे फोड़े एवं मिठाईयां बाटी गई। वही सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की वर्षो से झारखंडियों द्वारा की जा रही 1932 की मांग को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने विधानसभा में ध्वनिमत से पारित किया है एवं ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया। जिसका लाभ झारखंडियों आने वाले समय में पूर्ण रूप से मिलेगा। वही यह झारखंडवासियों की जीत है। हेमंत सरकार लगातार जनहित में फैसले ले रही है जिससे झारखंड की जनता काफी उत्साहित है। मौके पर जिप अध्यक्ष जुली ख्रिष्टमणी हेम्ब्रम, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा,जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे,केन्द्रीय सदस्य देवीलाल हाँसदाक,प्रखंड सचिव मईनुद्दीन अंसारी,अशोक भगत सहित सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार के कार्यकाल में विकास ठप, भ्रष्टाचार बढ़ा : भाजपा

**गोड्डा। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)** । भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया एवं प्रखंड कार्यालय के निकट हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा उर्फ गप्पु सिन्हा ने एवं कार्यक्रम का संचालन गोड्डा ग्रामीण अध्यक्ष अंजनी झा ने किया। जिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया ने हेमंत सोरेन हटाओ, भ्रष्टाचारी सरकार होश में आओ का नारा देते हुए झारखंड सरकार के काले कारनामों को जनता के बीच रखा।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गोड्डा के विधायक अमित मंडल ने इस सरकार की गलत नीति का विरोध करते हुए 1932 खतियान एवं ओबीसी 27 परसेंट आरक्षण को गलत नीति से पास करने का षड्यंत्र बताया। उन्होंने नवमी अनुसूची का पालन नहीं करने का आरोप लगाया। इस कार्यक्रम में चार मंडल के अध्यक्ष और महामंत्री सहित जिला समिति के अनेकों पदाधिकारी मौजूद थे। सभी वक्ताओं ने जमकर हेमन्त सोरेन की सरकार के खिलाफ निशाना साधा। कहा, इस सरकार के 34 महीने के कार्यकाल में एक भी कोई विकास कार्य नहीं हुआ। झारखंड के खनिज पदार्थों कोयला, पत्थर, बालू, लोहा आदि सभी चीजों का अवैध खनन हो रहा है, जिससे राज्य के राजस्व का नुकसान पहुंच रहा है। राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी और सभी मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त है। राज्य में युवाओं और बेरोजगार युवकों के लिए एक भी बहाली नहीं कर पाए। पोषण सखी और कितने अनुबंध कर्मी को नौकरी से हाथ धोना पड़ा।

कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा, अजित सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजेश साह, गौरव भगत, परिणीता झा, प्रेमजीत साह, जयप्रकाश यादव, रक्षित कश्यप, अंजनी झा, लक्ष्मी चक्रवर्ती आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** शिकारीपाड़ा प्रखंड के उस पहाड़ी एवं मोड़ा आम पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।शिविर में लक्ष्मी बाई फूलों झानो योजना के सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए।मौके पर लाभुकों के बीच कंबल के साथ-साथ पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। कुशपहाड़ी में अंचल अधिकारी राजू कमल एवं मोडा आम पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार चौधरी के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया।

### पदाधिकारी ने की किसान के साथ बैठक

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** रानेश्वर मे अवर प्रमंडल सिंचाई कार्यालय रंगलिया परिसर में शनिवार को पटवन पानी को लेकर किसानों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में सहायक अभियंता देबिश्वर हांसदा एवं जेई अमरजीत कुमार शामिल थे। रवि फसल को पटवन पानी उपलब्ध कराने को लेकर किसानों से गहन विचार विमर्श किया गया। बाद में मसानजोर डैम के बायां तट नहर से खेतों को पटवन पानी उपलब्ध कराने को लेकर रोस्टर तैयार किया गया। सिंचाई विभाग के इंजीनियर एवं किसानों के साथ हुई बैठक में आगामी 25 नवंबर से नहर में पानी छोड़ने की निर्णय लिया गया। इस सिंचाई पानी से लगाया गया सरसों खेतो को पटवन पानी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही इसी सिंचाई पानी से गेहूं खेत भी कृषि कार्य के लिए तैयार किया जाएगा। बायां तट नहर की जलपथ से 25 नवंबर से आगामी 10 दिनों तक पटवन पानी की संचालन जारी रहेगा। बैठक में मौजूद किसान मित्र सयन साहा ने इंजीनियरों को कहा ।मौके पर किसान मित्र सयन कुमार साहा, बबलू राउत, दशरथ राय, चंडी चरण मंडल, गुरुदयाल मंडल, शिवपद राय समेत काफी संख्या में सिंचित क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार आयोजित



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार अभियान के दूसरे चरण में शनिवार को रामगढ़ प्रखंड के कौआम एवं महुबना पंचायतों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद् उपाध्यक्ष सुधीर मंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा प्रमुख बाबू लाल मुर्मू, उप प्रमुख श्रीकांत राउत प्रखंड अध्यक्ष शिवलाल मरांडी विधायक प्रतिनिधि नंदकिशोर साह झामुमो प्रखंड सचिव नंदलाल राउत पंचायत के मुखिया संतोष किस्कू, अर्चना देवी रिंकु मंडल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे कौआम पंचायत में जनप्रतिनिधियों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। जनता दरबार में लाभार्थियों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र, मनरेगा मेट किट,मनरेगा के तहत सिंचाई कूप तथा लाभार्थियों को पंपसेट के साथ-साथ तालाब की योजनाओं का स्वीकृति पत्र तथा कम्बल आदि का वितरण किया गया। जनता दरबार में मनरेगा, स्वास्थ्य, कृषि,पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य,राजस्व, महिला एवं बाल विकास,खाद्य एवं आपूर्ति,झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी,तेजस्विनी परियोजना, श्रम,आदि विभागों का स्टॉल ग्रामीणों की सुविधा के लिए लगाया गया था जिसमें हजारों की संख्या में जरूरतमंदों के द्वारा आवेदन दिए गए जनता दरबार में शामिल ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए जन प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

## सूर्य सिंह बेसरा ने झारखंड सरकार की स्थानीय नीति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है

# 1932 की खतियान का आधार मानक नहीं हो सकती है

### विधेयक में 1935 1938 1964 1977 1981 एवं 1994 नहीं जोड़ी गई है

- **स्थानीय नीति और आरक्षण नीति को 9वीं सूची में शामिल करना है, केंद्र सरकार के पाले में बोल फेंक देने के बराबर है**
- **लोक नियोजन विषय पर स्थानीय नीति परिभाषित करने का संविधान के अनुच्छेद-16(3) के तहत केवल संसद को ही अधिकार प्रदत्त की गई है**
- **स्थानीयता में अधिवास शब्दों का प्रयोग किया गया है, जो भारतीय नागरिकता के बारे में प्रावधान है,जो सुप्रीम कोर्ट की जजमेंट का प्रतिकूल है**
- **संविधान के अनुच्छेद-371(डी ) आंध्र प्रदेश के संबंध में विशेष उपबंध के तर्ज पर झारखंड की ₹स्थानीय नीति₹ नहीं है**



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**नई दिल्ली।** झारखंड राज्य निर्माताओं में से एक, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के संस्थापक सह-झारखंड राज्य की मांग पर बिहार विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देने वाले एकमात्र पूर्व विधायक श्री सूर्य सिंह बेसरा ने दिल्ली प्रवास पर शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा की विशेष सत्र मैं ₹स्थानीयता नीति₹ परिभाषित करने के लिए विधेयक पारित किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि केवल 1932 के आधार पर ₹स्थानीय व्यक्ति₹ को परिभाषित करना सर्वमान्य नहीं हो सकते हैं, क्योंकि झारखंड राज्य के अंतर्गत 1932 के पहले तथा 1932 के पश्चात विभिन्न समय में अलग-अलग जिले में अंतिम सर्वे सेटेलमेंट हुई है; उदाहरण के लिए अविभाजित सिंहभूम में 1964 में अंतिम सर्वे सेटेलमेंट हुई है। इसी तरह 1935, 1938, 1977, 1981 एवं 1994 में अंतिम सर्वे सेटेलमेंट हुई है। श्री सूर्य सिंह बेसरा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि संविधान के अनुच्छेद -16( 3 )के तहत ₹लोक नियोजन₹ विषय पर ₹स्थानीय नीति₹ निर्धारित करने का अधिकार केवल संसद को ही है । जहां तक झारखंड की ₹स्थानीय नीति₹ को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव है- यह तो केंद्र सरकार के पाले में बोल फेंकने की बात है ।वर्तमान केंद्र में भाजपा गठबंधन की सरकार है । प्रश्न यह उठता है क्या श्री नरेंद्र मोदी की सरकार संसद से इस विधेयक को पारित कर संविधान के नौवीं अनुसूची में शामिल कर पाएंगे ? तब तक क्या झारखंड में ₹स्थानीय नीति₹ लागू नहीं होगी ? पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने यह भी प्रश्न उठाया है कि विधानसभा की विशेष सत्र में पारित विधेयक में झारखंड के ₹स्थानीय व्यक्ति₹ कौन होगा ? इस के संदर्भ में ₹अधिवास₹ यानी संविधान के अनुच्छेद- 5 का जिक्र किया गया है, जिसमें भारत के नागरिकता का प्रावधान है, अगर यह नियम बन जाए तो यूं ही मान लिया जाए कि इस प्रकार की ₹स्थानीय नीति₹ माननीय सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट जो 2002 में न्यायमूर्ति बी एन खरे और बी एन अग्रवाल की खंडपीठ ने 9 जनवरी 2002 में स्थानीयता के विषय पर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है कि- ₹ *कोई भी भारतीय नागरिक हर किसी राज्य का ₹स्थाई निवासी₹ नहीं हो सकता है* ₹,अतः वर्तमान झारखंड की ₹स्थानीय नीति₹ संविधान के अनुच्छेद -5 अर्थात (अधिवास) के आधार पर ₹स्थानीयता नीति₹ बनाना पूर्ण रूप से असंविधानिक है । पूर्व विधायक श्री सूर्य सिंह बेसरा ने श्री हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस (ई) एवं राजद गठबंधन की सरकार ने जो अदूरदर्शिता के कारण जो बहुत बड़ी खामियां और त्रुटियां इस विधेयक में रह गई है, पुनर्विचार कर उसे अविलंब संशोधित करें और संकल्प प्रस्ताव के साथ अध्यादेश जारी करते हुए तत्काल उसे लागू करें, अन्यथा हम अपील करना चाहते हैं झारखंडी यों के आवाम को की इस विधेयक के खिलाफ संपूर्ण झारखंड में व्यापक जन आंदोलन कर वर्तमान राज्य सरकार की ₹स्थानीय नीति₹ को ना सिर्फ बदलें, बल्कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस( ई) सरकार को ही बदल डाले और तो और आगामी 2024 के विधानसभा चुनाव में झारखंड में सत्ता की परिवर्तन करें ।

## शोध का अंतिम उद्देश्य समाज की बेहतरी के उपाय ढूंढना है : प्रो एम के गौतम

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।




**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में 12 से 14 नवंबर तक तीन दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत आज राजनीति विज्ञान विभाग में ₹संताल परगना में शोध की संभावनाएं₹ विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन प्रति कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर एम के गौतम थे जो हॉलैंड के प्रसिद्ध विद्वान तथा ट्राइबल स्टडीज़ के विशेषज्ञ हैं। यह परिचर्चा मुख्य रूप से सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में इस सत्र में दाखिला लेने वाले शोधार्थियों के लिए रखा गया था। समाज विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों के शिधार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रोफेसर गौतम ने अपने अभिभाषण में शोधार्थियों को शोध संबंधी बेहद ज़रूरी जानकारियां दी। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे स्वयं अपने शोध विषय का चयन करें तथा अपने शोध की मौलिकता को बनाए रखें। साथ उन्होंने यह भी सलाह दी कि शोध का अंतिम उद्देश्य समाज की बेहतरी के उपाय ढूंढना है और यह बात शोधकर्ताओं को हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि शोध के लिए नए तरीके तथा नए स्त्रोतों की खोज की ज़रूरत है ताकि शोध का स्तर बेहतर हो एवम नवीन जानकारियां प्रकाश में लायी जा सके। प्रोफेसर गौतम ने समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, मानवशास्त्र, मनिविज्ञान तथा अन्य विषयों में शोध की संभावनाओं के विभिन्न आयामो को सूक्ष्मता के साथ सभी के सामने रखा। शोधार्थियों द्वारा भी कुछ ज़रूरी सवाल रखे गए, जिनका प्रोफेसर गौतम ने उत्तर दिया तथा छात्रों का दिशा निर्देश किया।इस परिचर्चा की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर बिमल प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में शोधार्थियों से कड़ी मेहनत करने का आ''ान किया, साथ उन्हें हिदायत दी कि वे वर्तमान शोध की नकल के बजाय मौलिक शोध करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने शोध को समाज कल्याण से जोड़ने की भी सलाह दी। इस कार्यक्रम के शुरुआत में समाज विज्ञान संकाय के डीन तथा राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, डॉ जैनेन्द्र यादव, ने सभी का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ अजय सिन्हा ने किया तथा मंच संचालन इतिहास विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती अमिता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ टी पी सिंह, मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा, डॉ स्वतंत्र सिंह के अलावा राजनीति विज्ञान के प्रो विजय कुमार , डॉ संजीव सिन्हा, डॉ इंद्रनील मंडल तथा डॉ ईश्वर मरांडी , प्रो दीपक कोठरीवाल के साथ अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

### खेलो झारखंड -किक फॉर झारखंड -2022-23 के कार्यक्रम में पुनः परिवर्तन

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** खेलो झारखंड -किक फॉर झारखंड 2022 -23 के आयोजन को लेकर दुमका जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के आदेश पर जामा प्रखंड के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में पुनः परिवर्तन किया गया है। बीईईओ सुधा कुमारी ने कहा कि खेलो झारखंड किक फॉर झारखंड को खेलो झारखंड 2022-23 का नाम दिया गया है। परिवर्तित कार्यक्रम के अनुसार अब यह कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 5 एवं 6 नवंबर के जगह अब 15 एवं 16 नवम्बर को किया जाएगा। वहीं प्रखंड स्तर पर 10 एवं 11 नवंबर के जगह अब 21 एवं 22 नवम्बर तथा जिला स्तर पर 17 एवं 19 नवंबर के जगह 25 एवं 26 नवम्बर को खेल कूद का आयोजन किया जाएगा है। बता दें कि खेलो झारखंड में विभिन्न प्रकार के खेल कूद का निर्धारण किया गया है।जिसकी सूची एवं दिशा निर्देश की जानकारी सभी सीआरपी एवं विद्यालय सचिव को दे दी गई है। इसमें विद्यालय के प्राइमरी कक्षा से 12 वी कक्षा वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे।

### मयूराक्षी बया तट मुख्य नहर से किसानों को 5 जून तक मिलेगा रबी फसल के लिए पानी



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** मसानजोर डैम के मयूराक्षी बया तट मुख्य नहर से यहां के किसानी को 5 जून 2023 तक रबी फसल के लिए पटवन मिलेगा।शनिवार को सिंचाई एवं जल पथ अवर प्रमंडल रांगालिया के सहायक अभियंता देबिश्वर हांसदा ने यहां पटवन को लेकर किसानों के साथ बैठक की हैं ।साथ ही विचार विमर्श के पश्चात मुख्य नहर से पानी छोड़ने का रोस्टर बनाया हैं ।यहां डैम से 10 किस्त में दस दस दिन के अंतराल पर पानी छोड़ा जायेगा ।प्रथम किस्त 25 नवंबर से 5 दिसम्बर ,दूसरा किस्त 15 दिसंबर से 25दिसंबर तीसरा किस्त 5 जनवरी से 15 जनबरी चौथा किस्त में 25 जनबरी से 5 फरबरी पंचम किस्त में 15 फरबरी से 25 फरबरी छठा किस्त में 5 मार्च से 15 मार्च सप्तम किस्त में 25 मार्च से 5 अप्रैल अष्टम किस्त में 15 अप्रिल से 25 अप्रैल नवम किस्त में 5 मई से 15 मई एवं अंतिम किस्त में 25 मई से 5 जून तक पटवन उपलब्ध कराया जायेगा ।बैठक में किसान शिब पद राय, जयदीप सेन ,गुरुदयाल मंडल ,जोसेफ मुर्मू ,जयंत घोष , रूप कुमार साहा ,रबिलाल सोरेन ,बिश्व नाथ घोष मौजूद थे।

## तीरंदाजी में एकलव्य विद्यालय काठीजोरिया की स्वीटी किस्कु का राज्य टीम में चयन

### शूटिंग में एकलव्य विद्यालय काठीजोरिया की छात्राओं ने झटके तीनों मैडल

- **राज्य स्तरीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।




**दुमका।** तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 (ईएमआरएस स्पोर्ट्स मीट 2022-23) का शनिवार को कमारदुधानी स्थित आर्चरी एकेडमी में समापन हो गया। शूटिंग और आर्चरी में दुमका के एकलव्य मॉडल विद्यालय काठीजोरिया की छात्राओं ने सटीक निशाना साध कर राज्य स्तरीय टीम में जगह बना ली है। तीरंदाजी में एकलव्य विद्यालय काठीजोरिया की स्वीटी किस्कु ने टार्गेट पर सटीक निशाना लगा कर राज्य टीम में अपनी जगह बना ली। स्वीटी किस्कु इससे पूर्व आर्चरी के नेशनल चौम्पियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल कर चुकी है। शूटिंग में एकलव्य विद्यालय की छात्राओं ने अन्य तीनों जिले की छात्राओं को बाहर कर दिया। शूटिंग में एकलव्य विद्यालय काठीजोरिया की सेवेनशीला मुर्मू प्रथम, सुप्रीया हांसदा द्वितीय और लक्ष्मी मुर्मू तृतीय स्थान पर रही। टेबुल टेनिस में गोड्डा तो शतरंज में पश्चिमी सिंहभूम की खिलाड़ियों का दबदबा रहा। वहीं बैडमिंटन में भी इन्ही दोनों जिले की खिलाड़ी हावी रही। टेबुल टेनिस में सबीरा टुडू विजेता और अंजली मराण्डी उप विजेता रही। शतरंज के अंडर-14 मुकाबले में पश्चिमी सिंहभूम की अनिशा बांदरा को पराजित कर लोहरदगा की चांदनी विजेता बनी। अंडर-19 मुकाबले में पश्चिमी सिंहभूम की गुमी टुडू ने अपने ही स्कूल की रोजमेरी हांसदा को मात दे दी। बैडमिंटन के अंडर-14 वर्ग में पश्चिमी सिंहभूम की सावित्री हांसदा विजेता और ज्योरी हैबिरा उप विजेता रही। अंडर-19 वर्ग में गोडडा की पार्वती मराण्डी विजेता और मिनी बास्की उप विजेता रही। योग के मुकाबले में अंडर-14 वर्ग में पश्चिमी सिंहभूम की सुनीरा सोय और शंकरी सिंह कुमरिया ने क्रमशः पहला और दूसरा जबकि लोहरदगा की सोनाली उरांव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में पश्चिमी सिंहभूम की लवली कायन प्रथम, दुमका की अनिरा बेसरा द्वितीय और लोहरदगा की भगमनी तिर्की तृतीय रहीं। समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी अशोक प्रसाद ने कहा कि पिछले तीन दिनों में राज्य के एकलव्य विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने खेल के मैदान पर काफी पसीना बहाया है। उनके प्रदर्शन के आधार पर झारखण्ड टीम का चयन कर लिया गया है। एकलव्य विद्यालय की राज्य स्तरीय टीम 17 से 22 दिसम्बर तक आध्र प्रदेश के गुंटुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 में हिस्सा लेंगे और उन्हें पूरा यकीन हैं कि वहा से झारखण्ड की टीम कई सारे मैडल और ट्रॉफी जीत कर वापस लौटेगी। लेफ्टिनेंट सुमिता सिंह ने कहा कि झारखण्ड में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां के खिलाड़ियों को जब भी मैदान में उतारा गया है, उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य का गौरव बढ़ाया है। निश्चित रूप से राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में एकलव्य विद्यालय बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। समापन समारोह को सेवा के प्रदीप्त मुखर्जी, जिला तीरंदाजी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष ईन्जीनीयर कृष्ण नंदन, दुमका चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव मनोज कुमार घोष, लायंस क्लब दुमका के अध्यक्ष पवन केसरी, जनसंपर्क पदाधिकारी रमण कुमार वर्मा ने भी संबोधित और विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किया। मौके पर टेक्निकल आफिसियल मुकेश कुमार, एकलव्य विद्यालय काठीजोरिया के शिक्षक रजनीश सिंह, अनादी गोराई, रंजु कुमारी, रिंकी ठाकुर, पवन कुमार आदि भी मौजूद थे।

### सास बहू पति सम्मेलन का किया गया आयोजन

- **बीटीटी अभिषेक ठाकुर ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताया**



**मोहनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहनपुर अन्तर्गत ग्राम लुटियातरी मे सास बहू पति सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमे फेमिली प्लानिंग बीटीटी अभिषेक ठाकुर द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए छोटा परिवार सुखी एवं खुशहाल परिवार बताया।ग्रामीणो के बीच खेल के माध्यम से लड़के की शादी इक्कीष वर्ष मे एवं लड़की की शादी कम से कम अठारह वर्ष मे करने को लेकर बताया।साथ ही शादी के बाद कम से कम पहले बच्चे के जन्म मे दो साल की देरी रखने से मां एवं बच्चे का शारिरीक एवं मानसिक बिकास होने को लेकर जानकारी दिया गया।पहले बच्चे एवं दुसरे बच्चे के जन्म मे तीन साल के अन्तर रखने से होने वाले खुशहाल जीवन की चर्चा की गई। साथ ही दो बच्चे के जन्म के बाद महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी की चर्चा किया गया।परिवार नियोजन के अस्थाई एवं अस्थायी विधियों पर चर्चा कर ग्रामीणो मे जागरुकता लाया गया साथ पुरस्कार वितरण कीया गया।कार्यक्रम में सहिया बसंती देवी सहिया साथी नितू कुमारी,आंगन बाड़ी सेविका वार्ड सदस्य मंजू देवी,एमपीडब्लू दीपक कुमार,अखिलेश तिवारी,तेजस्विनी कोरडिनेटर निहारीका कुमारी के द्वारा कार्यक्रम मे चर्चा कीया गया।साथ ही सरकार के द्वारा चलाये जा रहे स्वास्थ्य सम्बंधित कल्याणकारी कार्यक्रमो को बताया गया।

# बाल विवाह से बच्चों के अधिकारों का होता है हनन :अमरेन्द्र

## चाइल्डलाइन 1098 का ओपन हाउस कार्यक्रम सम्पन्न

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमकाः जरमुंडी उच्च विद्यालय में चाइल्डलाइन 1098 के द्वारा ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ओपन हाउस कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के चैयरपर्सन अमरेंद्र कुमार यादव, जरमुंडी उच्च विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक गण एवं बच्चें-बच्चियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल कल्याण समिति के चैयरपर्सन अमरेन्द्र कुमार यादव ने अपने संबोधन में बताया की बाल विवाह मुक्त दुमका तभी साकार कर सकते हैं, जब आम जनता के साथ-साथ बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। बाल विवाह से बच्चे के अधिकारों का हनन होता है, इससे बच्चों का विकास अवरुद्ध होता है। साथ ही उनके शिक्षा, स्वास्थ्य , विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करने अथवा बाल विवाह में सहयोग करने वाले ऐसे व्यक्ति को 02 वर्ष की कठोर सजा तथा एक लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यह हमारे समाज के लिए अभिशाप से कम नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने बताया की हमारे जिला में बाल श्रम, बाल यौन उत्पीड़न जैसे मामले पर प्रकाश डाला और यह भी बताया की जिला अंतर्गत बच्चों से संबंधित जितने भी मामले आते हैं, उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाता है, और बच्चों के हित में उचित निर्णय लेते हुए उसे मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। हम वैसे बच्चों को




स्पॉन्सरशिप कार्यक्रम से जोड़ रहे हैं, जो एकल परिवार, अनाथ, आर्थिक रूप से कमजोर तथा कोरोना महामारी में अपने माता पिता को खो चुके हैं, इस योजना अंतर्गत बच्चों को प्रतिमाह रू 2000 दिए जाते हैं , जिससे उनकी पढ़ाई जारी रह सके। साथ ही उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक मजबूती प्रदान कराई जाती है। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार मंडल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि चाइल्डलाइन 1098, बाल कल्याण समिति, ग्रामीण बाल संरक्षण समिति, पुलिस इत्यादि के जरिये आप अपनी समस्याओं को साझा कर सकते हैं। इसके साथ ही आप अपने विद्यालय के शिक्षक गणों से भी अपनी समस्याओं को साझा करें, हम सदैव आपके हित के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित चाइल्डलाइन के जिला समन्वयक मुकेश दुबे ने कार्यक्रम में उपस्थित सबों का अभिनन्दन करते हुए बताया की ₹महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार₹ के सहयोग से समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन चलाया जा रहा है, जिसका निःशुल्क सहायता फोन नंबर 1098 है। चाइल्डलाइन दुमका के टीम मेंबर निक्कू कुमार ने बताया गया कि 1098 पर आ रहे दुमका ज़िला से बाल विवाह, बाल मजदूरी एवं बाल उत्पीड़न, बाल तस्करी जैसे मामलो पर चाइल्डलाइन दुमका टीम जिला प्रशासन के साथ मिल कर कार्य कर रही हैं। 1098 पर बच्चों से सम्बंधित किसी प्रकार की सहायता हेतु इस नंबर के द्वारा सहायता प्राप्त की जा सकती है, साथ ही सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी` कार्यक्रम में उपस्थित एक्शनएड के जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बाल विवाह के मुद्दें पर प्रकाश डालते हुए बताया की नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के ताजा आंकड़े के अनुसार झारखण्ड राज्य बाल विवाह के मामले में पहले स्थान पर है, अगर इसी आंकड़े को जिला बार देखा जाए तो दुमका जिला छठे स्थान पर 43.1% के साथ है यह आंकड़ा काफी ज्यादा है और इसे कम करने के लिए हमें मिलकर कार्य करने की आवशयकता है। अंत जरमुंडी उच्च विद्यालय के शिक्षक नदियानन्द यादव ने धन्यवाद् ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मंच संचालन शिक्षक राधा रमन तिवारी ने किया। ओपन हाउस कार्यक्रम में कुल 200 से अधिक बच्चे एवं बच्चियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चाइल्डलाइन की टीम इबनुल हसन, निशा कुमारी, सनातन मुर्मू ने अहम भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पर विवादित बयान को लेकर मंत्री अखिलेश गिरी का भाजपाइयों ने फूका पुतला



देवरी/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जमुआ विधायक केदार हाजरा व पूर्व सांसद रविन्द्र राय के नेतृत्व में भारत के महामहिम द्रोपदी मुर्मू पर विवादित बयान को लेकर शनिवार को देवरी प्रखंड मुख्यालय के सामने बंगाल सरकार के मंत्री अखिलेश गिरी का पुतला दहन किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने तृणमूल कांग्रेस मुर्दाबाद, अखिलेश गिरी हाय हाय के नारे के साथ पुतला दहन किया गया। वहीं भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता व नेताओं ने बंगाल सरकार से अखिलेश गिरी को मंत्री पद से जल्द हटाने की मांग किया। मौके पर कोडरमा के पूर्व सांसद रविन्द्र राय ने कहा कि अखिलेश गिरी द्वारा महामहिम के खिलाफ विवादित बयान काफी निंदनीय है एक तो महमहिम राष्ट्रपति महिला है ऊपर से आदिवासी है और ऐसे में यूपीए सरकार के मंत्री इस तरह के आपत्तिजनक बयान देते है इससे पता चलता है कि यूपीए सरकार में महिला व आदिवासी के प्रति क्या सोचते है।साथ ही उन्होंने अविलम्भ अखिलेश गिरी को मंत्री पद से हटाने का मांग किया है। वहीं जमुआ विधायक केदार हाजरा ने कहा कि आज हमलोगों ने इसलिए अखिलेश गिरी का पुतला दहन किया क्योंकि देश के महमहिम आदिवाशी महिला राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर आदिवासी समाज को अपमान करने का प्रयास किया गया है। जिससे पूरा देश आहत है। अगर बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी में एक महिला होने के नाते थोड़ी सी भी नैतिकता होगी तो तुरंत उसे मंत्री पद से बर्खास्त किया जाय। मौके पर भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पिता ने अलग राज्य तो बेटे ने दिया 1932 खतियान...

- विधेयक पास होने पर बोले सीएम हेमंत सोरेन



रांची/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। झारखंड के लिए आज का दिन विशेष और ऐतिहासिक है। झारखंड विधानसभा से झारखंडवासियों की आत्मा और अस्मिता से जुड़े 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक पारित हो चुका है। पूरा झारखंड जश्न और खुशियां मना रहा है। पिता शिबू सोरेन ने अलग राज्य दिलाया और पुत्र ने 1932 खतियान दिया। यह बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधेयक पास होने पर कहीं। वे विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से रूबरू थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो वादा किया था, उसे निभाया है। अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह झारखंड की भावनाओं के अनुरूप संवैधानिक प्रावधानों के तहत स्थानीयता और आरक्षण विधेयक को नौवीं अनुसूची में डालने की पहल करें। ताकि, झारखंड वासियों उनका मान-सम्मान और अधिकार मिल सके। अगर जरूरत पड़ी तो उनकी सरकार दिल्ली में भी इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगाने से पीछे नहीं हटेगी।

उन्होंने आगे कहा कि एक बार फिर झारखंड के लिहाज से 11 नवंबर का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जो भी निर्णय ले रही है, उसका झारखंड की जनता जोरदार स्वागत कर रही है। हमारे कार्यों को लेकर हर तरफ हर्ष-उल्लास का वातावरण है। हमारी कार्यप्रणाली से लोगों में काफी उम्मीदें हैं और हम उनकी आशाओं को धूमिल नहीं होने देंगे। सभी को उनका अधिकार और मान-सम्मान देने का जो सिलसिला शुरू हुआ है, अब थमेगा नहीं।

## वीरेंद्र साव के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9 बी एवं विस्फोटक सब्सटेंस 1909 की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के अति उग्रवाद प्रभावित मौजा कुसुम घाटी स्थित मेसर्स विष्णु स्टोन इंटरप्राइजेज के मालिक वीरेंद्र साव के विरुद्ध शुक्रवार को जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने अवैध विस्फोटक का प्रयोग कर पत्थर उत्खनन करने के मामले में विस्फोटक अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकारीपाड़ा पुलिस ने वीरेंद्र साव के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9 बी एवं विस्फोटक सब्सटेंस 1909 की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि 18 अक्टूबर 2022 को संध्या 4:00 बजे खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नूर मुस्तफा एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी संजय सुमन ने मौजा कुसुम घाटी स्थित मेसर्स विष्णु इंटरप्राइजेज नामक पत्थर खदान जो प्लॉट संख्या 272 273 387 388 293 393 402 403 एवं 408 रकबा 4 पॉइंट 04 एकड़ क्षेत्र पर अवस्थित है का निरीक्षण किया था।बताते चलें कि उक्त खदान वीरेंद्र साव पिता स्वर्गीय गोविंद साव ग्राम पोस्ट थाना नवलसाही जिला कोडरमा के नाम पर आवंटित है। निरीक्षण के दौरान विरेन्द्र साव स्थल पर उपस्थित नहीं थे। जांच के दौरान पट्टा स्थल पर विस्फोटक सामग्री पायी गई, जिसे जप्त कर थाना के सुपुर्द किया गया था।इसमें डेटोनेटर 50 पीस जिलेटिन 90 पीस एवं अमोनियम नाइट्रेट 10 किलोग्राम जप्त किया गया था।जांच के क्रम में खदान मालिक द्वारा किसी प्रकार का वैध कागजात नहीं दिखाया गया। सबसे बड़ी बात यह है कि अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र से विस्फोटक बरामदगी के 22 दिन बाद प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की गई जो अपने आप में कई सवाल खड़ा करती है।

## उजाला दीदी संघ की बैठक में हुए शामिल रघुवर

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** झारखण्ड के पूर्व सीएम सह बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास स्थानीय परिसदन में उजाला दीदी संघ की बैठक में शामिल हुए. संघ को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार चंद दिनों का मेहमान है. बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि झारखंड का मौजूदा हालात देखकर दुख हो रहा है. जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए सिदो-कान्हो, चांद-भैरव व बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी. हेमंत सरकार में राज्य की खनिज संपदा और बहन-बेटियों की इज्जत लू-टी जा रही है. जो काम उस समय अंग्रेजी हुकूमत की वही काम हेमंत सोरेन सरकार कर रही है. मीडियाकर्मियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है.

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 4932 वादों और 6.23 करोड़ से अधिक की हुई वसूली

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौता करा 4932 वादों का निपटारा करते हुए 6.23 करोड़ से अधिक की राशि की वसूली हुई। शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में लोक अदालत आयोजित हुई। इसकी जानकारी देते हुए प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि लोक अदालत में गठित 8 बेंचों में 4932 मामले का निष्पादन करते हुए 6,23,42,351 रूपये की राशि की समझौता हुई। बेंच नम्बर एक में फैमली जज संजय कुमार सिंह, सिनियर सिविल जज-5 अर्पणा कुमार एवं अधिवक्ता शर्मिला सिन्हा ने आपसी सुलह के आधार पर 40 वादों का निपटारा कराया। बेंच दो में प्रथम अपर जिला जज रमेश चंद्रा, न्यायिक दंडाधिकारी शैलेंद्र कुमार नापति एवं अधिवक्ता ओमियों कुमार मांझी ने 131 वादों में निपटारा करते हुए 4,04,96,481 रूपये का समझौता कराया। बेंच नम्बर तीन में द्वितीय अपर जिला जज राकेश कुमार मिश्रा सिविल जज-2 ऋत्विका सिंह एवं अधिवक्ता धर्मवीर मिश्रा ने 10 वादों में समझौता कराते हुए 72,25,000 रूपये का सुलह कराया। बेंच चार में सीजेएम धर्मेंद्र कुमार सिंह,सिनियर सिविल जज-4 उत्तम सागर राणा एवं अधिवक्ता मो शमशाद अंसारी ने 105 वादों का निपटारा करते हुए 11,98,000 रूपये का समझौता करवाया।बेंच पांच में एसीजेएम एसपी ठाकुर,न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा एवं अधिवक्ता प्रशांत कुमार ने 308 वादों का निपटारा करते हुए 83,98,045 रूपये का सुलह हुआ। बेंच नम्बर छह में न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव और परिधि शर्मा एवं अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह ने 4149 रूपये का समझौता कराया। बेंच सात में एसडीजेएम जितेंद्र कुमार राम, कार्यपालक पदाधिकारी नूपुर एवं अधिवक्ता सूर्य प्रकाश ने 188 वादों का निपटारा करते हुए 59,120 रूपये का सुलह कराया। बेंच आठ में जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष बी एन पांडेय, सदस्य नीलमणी मरांडी एवं चंदन बनर्जी ने एक मामले में सुलह कराते हुए 5,27,480 रूपये का समझौता कराया।

## हेमंत सोरेन ने ईडी की डर से विधानसभा में पारित कराया विधेयक : रघुवर



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** पूर्व सीएम सह बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने दुमका में पत्रकारों से कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण विधेयक विधानसभा में ईडी के डर से पारित कराया. ईडी ने हेमंत सोरेन को समन भेजा था. इसके डर से आनन-फानन में विधानसभा में एक दिवसीय विशेष सत्र भेजा गया. हेमंत सोरेन ने इन दोनों विधेयकों को पारित कराकर झारखंड की जनता को गुमराह किया है. विधेयकों को पारित कराने के लिए किसी तरह की तैयारी नहीं की गई है. एक झटके में विधेयकों को पारित कर दिया गया.रघुवर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष दलगत भावना से ऊपर उठकर काम नहीं कर रहे हैं. दोनों विधेयक विधानसभा में लाते वक्त विपक्षी विधायकों को बोलने का मौका नहीं दिया गया. हेमंत सोरेन का यह कदम सही नहीं है. यहां के आदिवासी मूलवासी उनके झांसे में नहीं आने वाले.रघुवर ने हेमंत सोरेन के विधानसभा में दिए गए जेल के अंदर से भी बीजेपी का सुफड़ा साफ करने के बयान की निंदा करते हुए कहा कि यह बौखलाहट में दिया गया बयान है. सीएम अच्छी तरह जान चुके हैं कि उनकी राजनीतिक जमीन खिसक रही है. इसी तरह का उलजलूल बयान लालू यादव भी दिया करते थे. उनका क्या हश्र हुआ यह दुनिया जानती है?

## चैतन्य वीर का चयन झारखंड के अंडर 16 क्रिकेट टीम में

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** प्लस टू जिला स्कूल के वर्ग नवम के होनहार छात्र चैतन्य वीर का चयन झारखंड के अंडर 16 क्रिकेट टीम में होने पर विद्यालय परिवार द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित कर प्रभारी प्राचार्य डॉ सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ सत्येन्द्र कुमार सिंह ने चैतन्य वीर को पुष्प गुच्छ प्रदान कर एवं माला पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यालय के वर्ग नवम का होनहार छात्र चैतन्य वीर जो वर्ग सप्तम से ही प्लस टू जिला स्कूल, दुमका में अध्ययनरत है का चयन झारखण्ड के अंडर 16 क्रिकेट टीम में हुआ है। चैतन्य वीर के चयन से पूरे विद्यालय परिवार में उमंग एवं खुशी का माहौल है। झारखंड की अंडर 16 की टीम एक दिसम्बर से नागपुर में आयोजित विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी खेलने जा रही है। दुमका से अभी तक कोई भी क्रिकेट खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व नही किया है। चैतन्य का चयन प्लस टू जिला स्कूल, दुमका के छात्र छात्राओं के अलावा दुमका के क्रिकेट जगत के लिए संजीवनी का काम करेगा। इससे पहले भी चैतन्य वीर राज्यस्तरीय क्रिकेट मैच में कई बार जोरदार शतक जड़ चुका है। चैतन्य वीर अपने कोच अमित रंगराजन से निरंतर क्रिकेट का गुर सीख रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ सत्येन्द्र ने बताया कि कोच अमित रंगराजन भी पूर्व में प्लस टू जिला स्कूल, दुमका का छात्र रह चुका है। पूर्व प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार झा ने चैतन्य वीर को क्रिकेट में और तरक्की करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चैतन्य वीर का अनुशासित कार्य शैली एवं लक्ष्य प्राप्त करने के लिए लगन दूसरे छात्रों के लिए अनुकरणीय है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र राज हंस,अमित कुमार पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह,स्नेहलता मराण्डी,राजीव कुमार गुप्ता, संजय कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार, रूपेश कुमार झा,विजय कुमार दूबे, अंजू एलीना किस्कू, अर्चना कुमारी,रंजीत लायक,प्रकाश कुमार घोष, सुबोध कुमार मंडल एवं सुचरिता मित्रा ने चैतन्य वीर को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## बासुकीनाथ मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मत्था टेका

### बासुकीनाथ धाम पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, फौजदारी बाबा से राज्य में छाई आसुरी शक्तियों के नाश की कामना की

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शनिवार को प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य में छाई आसुरी शक्तियों के नाश की कामना की। इस अवसर पर बासुकीनाथ में पूर्व मुख्यमंत्री के तीर्थ पंडा के नेतृत्व में पुरोहितों के दल ने उन्हें षोडशोपचार विधि से भगवान नागेश की पूजा अर्चना कराई। फौजदारी बाबा की पूजा के पश्चात पुरोहितों ने मैया पार्वती, काली माता व शत्रुसंहारिणी माता बगलामुखी की पूजा कराई। पूजा अर्चना के बाद रघुवर दास ने भोलेनाथ की आरती भी की। मौके पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि उन्होंने बाबा बासुकीनाथ से पूरे विश्व की मंगल कामना की है। साथ ही राज्य में जो असुरी शक्तियां हैं, उसका नाश हो, यही महादेव से उनकी कामना है। बासुकीनाथ में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मंदिर कार्यालय में भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर औपचारिक बातचीत भी किया।ततपश्चात वे दुमका जिले के सुदूरवर्ती काठीकुंड व गोपीकांदर प्रखंड में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में शरीक होने के लिए प्रस्थान कर गए।इस अवसर पर भाजपा के आशुतोष सिंह, संदीप पांडेय, निवास मंडल, गौरवकांत, स्वरूप सिन्हा मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

# जांच पर सवाल

विपक्षी नेताओं को सबक सिखाने के मकसद से इन एजंसियों का इस्तेमाल कर रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने उस आरोप पर जैसे मुहर लगा दी है। शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत की जमानत मंजूर करते हुए अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय को फटकार लगाई और कहा कि यह गिरफ्तारी अवैध है।

हालांकि प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत के इस फैसले पर पुनर्विचार की गुहार लगाई, पर उसे खारिज कर दिया गया। अदालत ने यह भी कहा कि मामले के मुख्य आरोपियों को आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया और राउत के खिलाफ पुख्ता सबूत न होने के बावजूद आनन-फानन गिरफ्तार कर लिया गया। इससे सरकार पर विपक्ष को हमला बोलने का एक और मौका मिल गया है।

फिर, यह अकेला मामला नहीं है, जिसमें किसी विपक्षी नेता को प्रवर्तन निदेशालय या आयकर विभाग जैसी दूसरी एजंसियों द्वारा गिरफ्तार किया गया। राउत को तीन महीने से ऊपर जेल में बिताना पड़ा। इससे यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि एक राज्यसभा सांसद को प्रवर्तन निदेशालय जब इस तरह अवैध ढंग से गिरफ्तार कर सकता है, तो दूसरे लोगों के बारे में उसके रवैए का अंदाजा लगाया जा सकता है।

प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग जैसी जांच एजंसियां तो स्वतंत्र रूप से काम करती बताई जाती हैं, मगर पिछले कुछ सालों से जिस तरह लक्ष्य करके विपक्षी दलों के नेताओं पर ही शिकंजा कसने का प्रयास करती देखी जा रही हैं, उसे लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। कई मामलों में आरोपियों को जमानत मिल चुकी है।

हालांकि कई ऐसे गंभीर मामले हैं, जिनमें सत्तापक्ष के नेता आरोपी हैं, मगर उनके खिलाफ आज तक जांच की जरूरत नहीं समझी गई। कई नेता जो पहले दूसरे दलों में थे और उन पर किसी बड़े घोटाले या भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप हैं, पर वे सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गए, तो उन पर भी चुप्पी साध ली गई। अगर जांच एजंसियां सचमुच स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर काम करतीं, तो इस तरह पक्षपातपूर्ण रवैया अख्तियार नहीं करतीं। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल जांच एजंसियों का अपने मकसद के लिए इस्तेमाल कर रहा है। पहले की सरकारों पर भी यह आरोप लगता रहा है। मगर इस आधार पर जांच एजंसियों को अपने कर्तव्य से मुंह फेर लेने का आधार नहीं मिल जाता।

अच्छी बात है कि सर्वोच्च न्यायालय ने ताजा मामले में प्रवर्तन निदेशालय को फटकार लगाते हुए उसका कर्तव्य याद दिलाया। हालांकि निदेशालय इसे कब तक याद रख पाएगा, दावा नहीं किया जा सकता। पर कम से कम उससे यह उम्मीद तो की जा सकती है कि किसी भी मामले में जांच करते हुए पुख्ता सबूतों के बिना किसी की गिरफ्तारी न करे।

इस तरह किसी को महज इस मकसद से गिरफ्तार कर लेना कि उसका मनोबल तोड़ा और सत्तापक्ष की तरफ झुकाया तथा दूसरों का भयादोहन किया जा सकता है, जांच एजंसियों के लिए नैतिक रूप से उचित नहीं कहा जा सकता। सरकार तो शायद ही इस मामले से कोई सबक ले, पर जांच एजंसियों को जरूर अपनी मर्यादा का ध्यान रखने की जरूरत है। बिना किसी आधार के किसी को गिरफ्तार करने से जो उसका समय बर्बाद होता, उसके मन पर प्रतिकूल असर पड़ता और समाज में छवि खराब होती है, उसकी भरपाई भला कौन करेगा। इसकी जवाबदेही किस पर होनी चाहिए।

## मार्ग-दर्शन

### सिक्के की रक्षा कर भिश्ती बना राजा

**प्राचीनकाल** में किसी राज्य में सुवीर नामक भिश्ती रहता था। एक दिन पानी का छिड़काव करते वक्त उसे एक रुपए का सिक्का मिला। उसने सिक्का किले की उत्तरी दीवार में एक ढीली पड़ी हुई ईंट के पीछे छिपा दिया। कुछ दिन बाद उसका विवाह हो गया। एक दिन सुवीर ने अपनी पत्नी से कहा, 'पास के कस्बे में मेला लगा है। मेरे पास रुपए का सिक्का है। चलो, तुम्हें घुमा लाता हूं।' पत्नी भी प्रसन्नता से बोली, 'एक सिक्का मेरे पिताजी ने भी मुझे दिया है।' संयोग से सिक्का लेने आए सुवीर को किले के एक झरोखे में बैठे राजा ने देख लिया। उसने सैनिकों से कहकर उसे भीतर बुलवाया। सुवीर ने वहां आने का सत्य कारण बता दिया। राजा थोड़ा सनकी था। उसने कहा, मैं तुम्हें दस सिक्के देता हूं। उस सिक्के के लिए इतना कष्ट मत उठाओ। सुवीर ने कहा, तब तो मेरे पास ग्यारह सिक्के हो जाएंगे। राजा बोला, मैं तुम्हें पचास सिक्के देता हूं। उस सिक्के को भूल जाओ। सुवीर ने कहा, फिर मेरे पास इक्यावन सिक्के हो जाएंगे। राजा की पेशकश में सिक्कों की संख्या बढ़ते-बढ़ते पचास हजार तक पहुंच गई, किंतु सुवीर नहीं माना। तब राजा ने अपने राज्य का आधा भाग देने की पेशकश की। सुवीर ने कहा, महाराज! मुझे राज्य का उत्तरी भाग दीजिए, क्योंकि उसी भाग में किले की वह दीवार आती है, जिसमें मेरा सिक्का है। मुझे अपना सिक्का भी मिल जाएगा। राजा सहित सभी दरबारी हंस पड़े। फिर राजा ने स्नेहपूर्वक कहा, तुम अपनी प्रजा की रक्षा उसी प्रकार करना जैसे तुमने अपने सिक्के की की है। अब मेरा रथ लेकर जाओ और पत्नी को रानी की तरह मेला दिखाओ। कल तुम्हारा राज्याभिषेक होगा। कथा का सार यह है कि व्यक्ति को अपनी छोटी से छोटी चीज की भी कद्र करनी चाहिए। यही चीज अनेक बार सफलता का आधार बनती है।

## जीने की राह

### भक्ति में भीतरी जागरूकता जरूरी

**भक्त,** भक्ति और भगवान के रिश्ते को हर दौर में अपने- अपने ढंग से व्यक्त किया गया है। कबीरदासजी ने स्वयं के बारे में बोलते हुए कहा है 'मैं राम का कुत्ता'। सुनने में बड़ा अजीब लगता है, लेकिन परमात्मा के प्रति समर्पण और निष्ठा को व्यक्त करने के लिए कबीरदासजी ने यह टिप्पणी की है। कुत्ते अपने मालिक को कभी नहीं भूलते। भक्त को भी भगवान हमेशा याद रहना चाहिए, लेकिन कबीर कुत्ते का नाम लेते हुए एक विचार और व्यक्त कर रहे हैं। यह विचार है सुरक्षा की दृष्टि से कुत्ते की जागरूकता। राजाओं के समय अपनी प्रजा की रक्षा के लिए वे छह प्रकार के किले बनवाते थे। धनुदुर्ग, महीदुर्ग, नरदुर्ग, वार्क्षदुर्ग, जलदुर्ग और गिरिदुर्ग के नाम से ये किले हुआ करते थे। राज्य की सुरक्षा राजा का धर्म था। विभिन्न प्रकार के शस्त्र इसके लिए उपयोग में लाए जाते थे जैसे पत्थर, त्रिशूल, लट्ठ, फरसा, कवच, ढाल, तलवार, धनुष आदि। इनमें जानवरों का भी उपयोग होता था। यदि विचार करें तो इस समय सामान्य लोगों के सामने चोरों से खुद की रक्षा करने की चुनौती है। देश की रक्षा तो सेना कर लेगी, लेकिन जिस नगर में जाओ, कानून व्यवस्था चोरों से परेशान है। अब तो बड़े पुलिस अधिकारी भी कह देते हैं कि इस मामले में आपकी सावधानी ही आपकी सुरक्षा है और इसीलिए कुत्ते पाले जाते हैं। हालांकि कबीर ने कुत्ते को इसलिए प्रतीक बनाया, क्योंकि लुट जाने का खतरा बाहर ही नहीं, भीतर भी है। इंद्रियां कब हमें लूट लें, पता नहीं चलता। इसलिए एक श्वानरूपी जागरूकता हमें अपने भीतर भी रखनी होगी और इसी का जिक्र कबीरदासजी कर रहे हैं।

# गैस चेंबर से बाहर कैसे निकल सकती है दिल्ली?

**आज** की तारीख में जो दिल्ली गैस चेंबर बनी हुई है, उसमें साठ से सत्तर फीसदी प्रदूषण या तो दिल्ली का अपना है, या वह पराली जलाने के कारण पंजाब से आ रहा है। जो लोग अभी तक यह मान रहे थे कि पराली जलाना कोई गंभीर वायु प्रदूषण नहीं पैदा करता, उनके लिए कुछ आंकड़ों को समझना जरूरी है-

-वर्तमान प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान लगभग 35-40 फीसदी है। इसे न रोका गया तो आने वाले दिनों में यह 50 फीसदी हो जाएगा।

-सैटलाइट के आंकड़े दिखाते हैं कि 1 अक्टूबर से 3 नवंबर तक 91 फीसदी पराली पंजाब में जली है। सिर्फ 9 फीसदी पराली हरियाणा और उत्तर प्रदेश में जली है।

**कैसे हल हो समस्या**

इसलिए, दिल्ली में प्रदूषण पंजाब और दिल्ली दोनों की समस्या है। जब तक पंजाब और दिल्ली साथ बैठकर इस मुद्दे को हल नहीं करेंगे, दिल्ली गैस चेंबर बनती रहेगी। लेकिन दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ ठोस समाधान पर काम करने के बजाय पानी के छिड़काव, स्मॉग टावर और निर्माण पर रोक जैसे अप्रभावी समाधान लागू कर रही है-

-जैसे निर्माण प्रतिबंध को ले लीजिए। सबसे पहले, निर्माण दिल्ली में प्रदूषण का बड़ा स्रोत नहीं है। दूसरा, सभी बड़ी परियोजनाओं को प्रतिबंध से छूट दी गई है।

-प्रतिबंध सिर्फ छोटे निर्माण कार्यों पर है। इससे वायु प्रदूषण तो कम नहीं होगा, अलबत्ता गरीब मजदूरों को घाटा होगा।

-इसी तरह दिल्ली सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च करके स्मॉग टावर लगाए, जिनसे कोई फायदा नहीं है।

लब्बोलुआब यह है कि एएपी सरकार को दूसरों को दोष देना बंद करना होगा और दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में प्रमुख प्रदूषण स्रोतों को कम करने के बारे में गंभीर होना होगा। तो, दिल्ली सरकार क्या कर सकती है, आइए जानते हैं-



दिल्ली में प्रदूषण पंजाब और दिल्ली दोनों की समस्या है। जब तक पंजाब और दिल्ली साथ बैठकर इस मुद्दे को हल नहीं करेंगे, दिल्ली गैस चेंबर बनती रहेगी। लेकिन दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ ठोस समाधान पर काम करने के बजाय पानी के छिड़काव, स्मॉग टावर और निर्माण पर रोक जैसे अप्रभावी समाधान लागू कर रही ह।

-दुनिया के बड़े शहरों की तुलना में दिल्ली का पब्लिक ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और सड़कें सबसे खराब हैं। उदाहरण के लिए, पिछले दस साल में दिल्ली में बसों की संख्या घटी है। इसी तरह, दिल्ली की सड़कें इतनी अनसेफ हैं कि लोग पैदल चलने या साइक्लिंग करने की आदत नहीं अपना सकते। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की स्थिति भी दिल्ली सरकार को सुधारनी होगी, ताकि लोग निजी वाहनों से अलग हटें।

-दिल्ली में बहुत ज्यादा प्रदूषण सड़क की धूल और खाली पड़ी जमीन से उड़ती धूल से होता है। सड़क के किनारे और खाली एरिया में पेड़ और घास लगानी होगी।

-चाहे कूड़ा जलाने की बात हो, या खाना बनाने के लिए अंगीठी या कंडे जलाने की, यह बहुत बड़ा मुद्दा है। दिल्ली सरकार को पूरी सर्दी के दौरान इसे बंद करना होगा। इसके लिए दिल्ली सरकार गरीबों को खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराए।

-दिल्ली के बाहर से प्रदूषण बायोमास से आता है। दिल्ली सरकार को केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में बायोमास के प्रदूषण को कम करने की जरूरत है।

-दूसरे, बड़ी संख्या में इंडस्ट्रीज एनसीआर में हैं। ये बहुत मात्रा में कोयले का इस्तेमाल करती हैं। इन्हें सरकारें साफ ईंधन दे, बिजली पर शिफ्ट करे।

-तीसरा काम जो बाहर के राज्यों के साथ दिल्ली कर सकती है, वह है जमीन के मरुस्थलीकरण को रोकने का। धूल सिर्फ दिल्ली के अंदर से ही नहीं आ रही है, बाहर से भी आ रही है।

-इन राज्यों के साथ काम करने के लिए दिल्ली सरकार को एक अंतरराज्यीय पर्यावरण समझौता करने की जरूरत है। यह एग्रीमेंट कानूनन बाध्यकारी होना चाहिए ताकि सरकार बदलने से इस पर कोई प्रभाव न पड़े।

जहां तक पैसे का सवाल है, आज की तारीख में दिल्ली एक हजार करोड़ रुपये के ग्रीन सेस पर बैठी है, जिसका वह इस्तेमाल नहीं कर रही। यह धन दिल्ली में आने वाले डीजल के ट्रकों से कलेक्ट किया गया है। तो यह कहना कि दिल्ली सरकार के पास प्रदूषण कम करने के लिए पैसा नहीं है, सरासर गलत है। दिल्ली सरकार अगर चाहती तो इस साल वह पंजाब सरकार की सहायता करके पराली बंद कर देती। खेद की बात है कि दिल्ली सरकार ऐसा करना नहीं चाह रही है।

# केरल, तेलंगाना में राज्यपाल से जुड़े विवाद की वजह क्या है?

**केरल** की वाम मोर्चा सरकार ने एक अध्यादेश के जरिए राज्यपाल को प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में मिले अधिकारों से वंचित करने का फैसला किया है।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और प्रदेश की वाम मोर्चा सरकार के रिश्तों में पिछले कुछ समय से देखे जा रहे तनाव के मद्देनजर इस कदम को आश्चर्यजनक नहीं माना जा रहा है। हालांकि सरकार कह रही है कि इस फैसले का राज्यपाल के हालिया कदमों से कोई लेना देना नहीं है और यह उच्च शिक्षा में सुधार के उद्देश्य से उठाए जाने वाले नियमित कदमों का हिस्सा है।

लेकिन कुछ ही दिन पहले हुए सीपीएम के राज्यस्तरीय सम्मेलन में साफ कर दिया गया था कि राज्यपाल की कथित मनमानियों पर अंकुश लगाने के लिए पार्टी किसी भी हद तक जाएगी। पिछले कुछ समय में राज्यपाल की ओर से कई ऐसे कदम उठाए गए, जिन्हें राज्य सरकार ने अपने अधिकार क्षेत्र के अतिक्रमण के रूप में देखा है। खासकर राज्यपाल का प्रदेश के 11 उपकुलपतियों को इस्तीफा देने के लिए



और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य के वित्त मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहना। हालांकि इन कदमों को लेकर राज्यपाल की अपनी दलील है, लेकिन फिर भी इतना तो स्पष्ट है ही कि एक-दूसरे की भूमिकाओं और दायित्वों को लेकर राज्यपाल तथा राज्य सरकार की व्याख्याओं में इतना अंतर आ गया है, जिसे पाटना संभव नहीं लग रहा है।

सबसे बड़ी बात यह है कि केरल एकमात्र ऐसा राज्य नहीं है, जिसमें राज्य की निर्वाचित सरकार और केंद्र द्वारा नियुक्त संवैधानिक प्रमुख में टकराव की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली में भी ऐसे टकरावपूर्ण हालात लंबे समय से बने हुए हैं, लेकिन दिल्ली को चूंकि पूर्ण राज्य का दर्जा हासिल नहीं है, इसलिए इसकी तुलना अन्य राज्यों से नहीं की जा सकती। मगर तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे राज्यों में ऐसी कोई दलील नहीं दी जा सकती। तमिलनाडु में दोनों के बीच कड़वाहट इस हद तक बढ़ गई कि राज्य की स्टालिन सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सार्वजनिक तौर पर अपील की कि वह राज्यपाल आरएन रवि को पद से बर्खास्त कर दें।

इसी तरह तेलंगाना में राज्यपाल टी सुंदरराजन ने सार्वजनिक तौर पर संदेह जाहिर किया कि उनका फोन टैप किया जा रहा है। इससे पहले इस तरह के आरोप लगाए गए कि राज्य में विधायकों की खरीद फरोख्त की कोशिशों के पीछे राजभवन का हाथ हो सकता है। किसी भी राज्य में राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद के इर्दगिर्द इस तरह के विवाद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। अब तक के अनुभवों के आधार पर इतना जरूर कहा जा सकता है कि इनके पीछे संवैधानिक प्रावधानों की अस्पष्टता से ज्यादा उनकी अपने सुविधानुसार व्याख्या करने की प्रवृत्ति का हाथ है। इसलिए इसका हल निकालना भी संभव है, बशर्ते संबंधित पक्ष ऐसा चाहें।

# आतंकवाद को सहने की आदत, कई बार अदालतों का ऐसा रवैया चिंताजनक

**बीते** गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने लश्कर के एक पाकिस्तानी आतंकी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने स्वयं को सुनाई गई फांसी की सजा पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया था। मुहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक को दिसंबर 2020 में लाल किले में तैनात सेना की 7 राजपूताना राइफल्स की यूनिट पर हमले का दोषी पाया गया था। इस हमले में आतंकियों की गोलीबारी में सेना के तीन जवान बलिदान हुए थे। यह तो राहत की बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तानी आतंकी की मौत की सजा बरकरार रखी, लेकिन यह जानना निराशाजनक है कि किसी को नहीं पता कि उसे सुनाई गई सजा पर अमल कब होगा?

इस आतंकी को अक्टूबर 2005 में दिल्ली की एक निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई, फिर 2007 में दिल्ली हाई कोर्ट ने उस पर मुहर लगाई। इसके बाद 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने भी। मृत्युदंड पाए इस आतंकी ने इसके बाद पुनर्विचार याचिका दायर की। यह याचिका भी 2012 में खारिज कर दी गई। इसके उपरांत उसने क्यूरेटिव यानी उपचारात्मक याचिका दायर की। जनवरी 2014 में यह भी खारिज हो गई। पता नहीं अब यह आतंकी क्या करेगा, लेकिन उसके पास राष्ट्रपति के पास दया याचिका प्रस्तुत करने का अधिकार तो है ही। वह इस अधिकार का उपयोग चाहे जब करे, 2014 के बाद से अब तक उसे फांसी देने का कोई उपक्रम न किया जाना यही बताता है कि खूंखार आतंकियों को पालने-पोसने का काम किया जा रहा है। ऐसा चाहे जिन कारणों से हो रहा हो, लेकिन आतंकियों को सजा देने के मामले में ऐसा लचर रवैया अपनाने से एक ऐसे समय आतंकवाद के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई को सही तरह नहीं लड़ा जा सकता, जब आतंकी गतिविधियों पर लगाम नहीं लग रही है।

आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं कि अमुक मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआइए को सौंपी गई। यह भी कोई नई-अनोखी बात नहीं कि देश के विभिन्न हिस्सों से कभी अलकायदा, कभी इस्लामिक स्टेट और कभी किसी अन्य आतंकी संगठन के सदस्य इस जांच एजेंसी की गिरफ्त में आते रहते हैं। आतंकवाद का खतरा किस तरह सिर उठाए हुए है, इसका पता इससे चलता है कि रह-रहकर किसी न किसी आतंकी हमले के षड्यंत्र का भंडाफोड़ होता रहता है।

ऐसा ही एक भंडाफोड़ दीपावली की पूर्व संध्या यानी 23 अक्टूबर को कोयंबटूर में तब हुआ, जब संगमेश्वर मंदिर के पास से गुजर रही कार में एक भीषण धमाका हुआ। इस धमाके में कार चालक जमीशा मुबीन मारा गया। जांच में पता चला कि मुबीन का उद्देश्य मंदिर में आत्मघाती धमाका करना था, लेकिन किसी गफलत के कारण समय से पहले कार में विस्फोट हो गया और वह बेमौत मारा गया। पहले यह माना जा रहा था कि मुबीन ने इस हमले की साजिश स्वयं ही रची और उसका किसी आतंकी संगठन से संबंध नहीं था, लेकिन एनआइए की जांच में पता चला कि उसके कई और साथी इस साजिश में शामिल थे। इनमें से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनसे पूछताछ में पता चला कि पूरे दक्षिण भारत में आतंकी हमले करने का तैयारी थी।

मुबीन एक इंजीनियर था और वह कुछ समय पहले भी पुलिस की निगाह में आया था। पुलिस को संदेह था कि वह इस्लामिक स्टेट की एक स्थनीय शाखा बनाना चाहता था। उससे पूछताछ भी हुई, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। उसके मारे जाने के बाद जब एनआइए ने उसके घर जाकर छानबीन की तो उसे तमाम जिहादी साहित्य मिला, जिसमें जिहादी हरकतों को फर्ज बताया गया था।


इसके अलावा बम बनाने की सामग्री, जिहादी बातों से भरी एक डायरी और 2019 में ईस्टर के दिन श्रीलंका में आतंकी धमाके कराने वाले एक जिहादी के 40 वीडियो भी मिले। इन वीडियो में जिहादी हमलों की वकालत की गई थी। इसी तरह के 15 वीडियो जाकिर नाइक के मिले। वही जाकिर नाइक जो मलेशिया में छिपा है और जिसकी तलाश बांग्लादेश के साथ भारत को भी है। एनआइए को यह भी पता चला कि मुबीन ने आत्मघाती हमले को अंजाम देने के पहले अपने शरीर के बाल शेव कर लिए थे।

जन्नत में साफ-सुथरा होकर जाने की तैयारी के तहत जिहादी और खास तौर पर आत्मघाती हमलावर ऐसा ही करते हैं। मुबीन ने वाट्सएप स्टेटस पर यह भी लिख दिया था कि यदि मैं मारा जाऊं तो मेरे लिए दुआ करना। मुबीन के साथियों ने बताया कि उन्होंने संगमेश्वर मंदिर के अतिरिक्त पांच और मंदिरों की टोह ली थी।

चूंकि कोयंबटूर धमाके की जांच अभी जारी है, इसलिए मुबीन के बारे में नित नई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। इन जानकारियों के बीच हमेशा की तरह मुबीन के घर वाले उसे सीधा-सादा बंदा बताने में लगे हुए हैं। यही सुर उसके साथियों के स्वजनों का है। ऐसा हमेशा होता है। जब भी कोई आतंकी पकड़ा जाता है, आम तौर पर उसके घर वाले उसे निर्दोष ही बताते हैं। यह समझ आता है, लेकिन यह चिंताजनक है कि कई बार अदालतें भी ऐसा ही रवैया अपनाती हैं। जिन दिनों एनआइए आतंकी मुबीन के घर से मिले जिहादी साहित्य की छानबीन करने में लगी हुई थी, उन्हीं दिनों दिल्ली की एक अदालत यह कह रही थी कि किसी के यहां से जिहादी साहित्य मिलना अपराध नहीं है।

## दैनिक पंचांग

**12 नवम्बर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | तुला में |
| चंद्र | मिथुन में |
| मंगल | मिथुन में |
| बुध | तुला में |
| गुरु | मीन में |
| शुक्र | वृश्चिक में |
| शनि | मकर में |
| राहु | मेष में |
| केतु | तुला में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृश्चिक | 06.36 ब.से |
| धनु | 08.52 बजे से |
| मकर | 10.57 बजे से |
| कुंभ | 12.44 बजे से |
| मीन | 14.17 बजे से |
| मेष | 15.47 बजे से |
| वृष | 17.27 बजे से |
| मिथुन | 19.25 बजे से |
| कर्क | 21.39 बजे से |
| सिंह | 23.55 बजे से |
| कन्या | 02.07 बजे से |
| तुला | 04.18 बजे से |

**शनिवार** 2022 वर्ष का 316 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 22.26 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 07.33 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 22.03 बजे को समाप्त। **करण** बव 09.19 बजे तदनन्तर बालव 22.26 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 17° 37' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871430 **जूलियन दिन** 2459895.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 16 **विशेष** संकष्टी गणेश चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आपका राशिफल 13 नवम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

## प्रसंगत: बुद्ध का संदेश

एक बार श्रावस्ती में भयंकर अकाल पड़ा। कई लोग भूख से तड़पकर मर गए। सबसे चिंताजनक स्थिति उन माताओं की थी , जिनकी गोद में दुधमुंह बच्चे थे और उनके घर के पुरुष काल के गाल में समा चुके थे। बुद्ध को जब यह पता चला तो वे चिंतित हो गए। उन्होंने तत्काल धनवान लोगों की एक सभा बुलवाई और उनसे कहा, 'आप इन माताओं और इनके बच्चों की रक्षा करें।' वहां उपस्थित लोग बोले, 'हमारे पास अनाज तो है, पर वह एक वर्ष ही चल पाएगा। इसमें से हमने दूसरों को अन्न दिया तो हमारा परिवार भूखों मर जाएगा। दूसरे घर का दीया जलाना भी तभी अच्छा लगता है जब अपने घर का दीया जल रहा हो।' इस पर बुद्ध गंभीर होकर बोले, 'आप लोग अपने स्वार्थ से ऊपर नहीं उठ पा रहे। क्या आपको विश्वास है कि आपके सदस्य की मृत्यु केवल अन्न न मिलने के कारण ही हो सकती है? क्या वे कोई अन्य रोग या दुर्घटना से बचे रहेंगे? क्या आप इस बात के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं कि एक साल में इन पीड़ित व्यक्तियों के अलावा कोई और काल का ग्रास नहीं बनेगा? आपको भविष्य के बारे में सब कुछ कैसे पता?' यह सुनकर सभी ने अपने सिर नीचे कर लिए। इसके बाद बुद्ध बोले, 'भाइयो, आपदाओं से मिलकर ही निपटा जाता है। यदि आज आप इनकी मिलकर सहायता करेंगे, तो अकाल जैसी इस विपत्ति से मुक्ति संभव है। किंतु यदि आप इनकी मदद नहीं करेंगे तो जीवन भर कोई आपकी सहायता करने को भी तैयार नहीं होगा। याद रखिए, विपत्ति में पड़े लोगों की सहायता करना ही सबसे बड़ा धर्म है।' यह सुनकर श्रावस्ती के सभी सेठों और व्यापारियों ने अपने अनाज के भंडार खोल दिए।

आर एन आई (टी सी) नं- JHAHIN01027,स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक डॉ सिकन्दर कुमार द्वारा माँ भवानी आर्ट भागलपुर रोड नीयर सिनेमा हॉल दुधानी दुमका से मुद्रित एवं झारखण्ड देखो कार्यालय मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से प्रकाशित,
प्रधान संपादक डॉ सिकन्दर कुमार, मोबाइल नं-9955599136( इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

हिन्दी दैनिक झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

## 5 दिसंबर तक वृश्चिक राशि में रहेगा शुक्र

# आज करेंगे वृश्चिक राशि में प्रवेश

शुक्रवार को ही शुक्र ग्रह अपनी राशि से निकलकर वृश्चिक में आ जाएगा। इसका असर अगले 23 दिनों तक रहेगा। इसका प्रभाव देश-दुनिया पर पड़ेगा। शुक्र का असर मौसम और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। ये 5 दिसंबर तक इस राशि में रहेगा। शुक्र की चाल में बदलाव का असर कुछ राशियों के लिए फायदेमंद साबित होगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर - जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि भौतिक सुख-सुविधाओं के ग्रह शुक्र का 11 नवंबर को वृश्चिक राशि में प्रवेश होगा। शुक्र के राशि परिवर्तन से अष्टलक्ष्मी राजयोग भी बन रहा है। अष्टलक्ष्मी राजयोग का तीन राशियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव रहेगा। हालांकि अष्टलक्ष्मी राजयोग का सभी राशियों पर प्रभाव रहेगा। इसका असर अगले 23 दिनों तक रहेगा। इसका प्रभाव देश-दुनिया पर पड़ेगा। शुक्र का असर मौसम और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। ये पांच दिसंबर तक इस राशि में रहेगा।


10 अंश के अंतर पर अस्त होता है शुक्र

जिस प्रकार किसी भी ग्रह का सूर्य के नजदीक आना उसे अस्त कर सकता है, ठीक उसी प्रकार जब शुक्र ग्रह का गोचर होता है और वह किसी विशेष स्थिति में सूर्य के इतना समीप आ जाता है कि उन दोनों के मध्य 10 अंश का ही अंतर रह जाता है तो शुक्र ग्रह अस्त हो जाता है। ऐसी स्थिति में शुक्र के मुख्य कारक तत्वों में कमी आ जाती है और वह अपने शुभ फल देने में कमी कर सकता है। प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि उसके जीवन में स्नेह और प्रेम बरकरार रहे और सभी प्रकार के सुख उसे प्राप्त होते रहें। इसके लिए शुक्र ग्रह का मजबूत होना अति आवश्यक है। शुक्र एक कोमल ग्रह है और सूर्य एक क्रूर ग्रह। इसलिए जब शुक्र अस्त होता है तो उसके शुभ परिणामों की कमी हो जाती है और ऐसे में व्यक्ति कई प्रकार के सुखों से वंचित हो सकता है।

भौतिक सुख-सुविधाएं देने वाला ग्रह

ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को भौतिक सुख, वैवाहिक सुख, भोग-विलास, शोहरत, कला, प्रतिभा, सौन्दर्य, रोमांस और फैशन-डिजाइनिंग आदि का कारक माना जाता है। शुक्र वृषभ और तुला राशि का स्वामी होता है और मीन इसकी उच्च राशि है, जबकि कन्या इसकी नीच राशि कहलाती है।

### ठंड बढ़ने और बारिश की संभावना



20 नवंबर को होगा शुक्र उदय

वर्तमान समय में शुक्र का तारा अस्त चल रहा है। शुक्र अस्त बीते दो अक्टूबर से है। शुक्र का तारा 20 नवंबर को उदय होगा। इसी के चलते अभी शादियों के शुभ मुहूर्त की तिथि नहीं है। 20 नवंबर को शुक्र उदय होने के बाद शादियों की शुभ तिथियां शुरू होगी। इस वर्ष नवंबर-दिसंबर में 12 दिन शादियां होगी। 16 से दिसंबर से खरमास शुरू हो जाएगा। इस दौरान शादियां बंद रहेगी। नए साल में शादियों की शुरुआत 14 जनवरी मकर संक्रांति के बाद होगी।

ठंड बढ़ने और बारिश की संभावना

शुक्र के राशि परिवर्तन से ठंड बढ़ने और बारिश की संभावना, सोने-चांदी और अन्य धातुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव होने के योग बन रहे हैं। इस ग्रह के राशि बदलने से देश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश और कुछ जगहों पर उमस और कम बारिश होगी। धान, अनाज, कपड़े, भौतिक सुविधाएं और खाने-पीने की चीजों की कीमतें भी बढ़ सकती है। इसके साथ ही राजनीति में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। प्राकृतिक आपदा की भी आशंका है।

नौ राशियों के लिए शुभ समय

शुक्र के राशि परिवर्तन से मेष, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर और मीन राशि वाले लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। इन नौ राशि वाले लोगों के धन और वैभव के रास्ते खुलेंगे। शुक्र का गोचर इन राशि वालों के आर्थिक, पारिवारिक और करियर में खुशियां आ सकती हैं। वहीं अन्य लोगों पर इस ग्रह का मिला-जुला असर रहेगा।

ज्योतिष में अस्त शुक्र ग्रह

डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को शुभ ग्रह माना गया है। जिन जातकों की कुंडली में शुक्र ग्रह की स्थिति मजबूत होती है उनके जीवन में सुख,समृद्धि, रोमांस और भोग विलासिता की कोई कमी नहीं होती है। शुक्र ग्रह को भोर और सांझ का तारा कहा जाता है। ज्योतिष में अस्त शुक्र का मतलब होता है कि जब शुक्र सूर्य के बेहद ही नजदीक आ जाता है, इस कारण से शुक्र की क्षमता सूर्य के प्रभाव के कारण थोड़े दिनों के लिए क्षीण हो जाती है। शुक्र ग्रह करीब 23 दिनों में एक से दूसरी राशि में परिवर्तन करते हैं। शुक्र ग्रह का संबंध धन की देवी लक्ष्मी से होता है। ऐसे में जिन जातकों की कुंडली में शुक्र की स्थिति कमजोर होती है उन्हें ज्योतिषाचार्य शुक्रवार का व्रत रखने की सलाह देते हैं।

शुक्र के उपाय

मां लक्ष्मी अथवा मां जगदम्बा की पूजा करें। भोजन का कुछ हिस्सा गाय, कौवे और कुत्ते को दें। शुक्रवार का व्रत रखें और उस दिन खटाई न खाएं। चमकदार सफेद एवं गुलाबी रंग का प्रयोग करें। श्री सूक्त का पाठ करें। शुक्रवार के दिन सफेद वस्त्र, दही, खीर, ज्वार, इत्र, रंग-बिरंगे कपड़े, चांदी, चावल इत्यादि वस्तुएं दान करें।

-डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता एवं
कुंडली विश्लेषक
पाल बालाजी
ज्योतिष संस्थान
जयपुर जोधपुर
(राजस्थान)
फ़ोन :
9460872809



### भारत में प्रसिद्ध हिंदू मंदिरों की सूची

मंदिर एक ऐसा स्थान है जहाँ देवता निवास करते हैं। यह कहा जा सकता है कि मंदिर एक प्रतीकात्मक घर है, जो हिंदू देवताओं का निवास स्थान है। मंदिर हिंदू धर्म के अनुसार मनुष्यों और देवताओं को एक साथ लाने के लिए डिज़ाइन की गई संरचना है। मंदिर के परिसर में एक गर्भगृह है और उस स्थान पर भगवान की एक मूर्ति या प्रतिमा स्थापित है। हिंदू मंदिर एक समृद्ध इतिहास के साथ बड़े और भव्य हैं। पूरे भारत में कई मंदिर हैं या यह कहा जा सकता है कि भारत मंदिरों का घर है।

# चामुंडा देवी मंदिर



**चामुंडा देवी जी का मंदिर भारत का प्राचीन मंदिरों में से एक है, जो कि पश्चिम पालमपुर से लगभग 10 किलोमीटर, कांगडा से 24 किलोमीटर व धर्मशाला से 15 किलोमीटर की दूरी पर, कांगडा जिले, हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह मंदिर माँ चामुंडा देवी का समर्पित है जोकि भगवती काली का ही एक रूप है। चामुंडा देवी मंदिर को चामुंडा नन्दिकेश्वर धाम के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चामुंडा देवी मंदिर में ङ्गशिव और शक्तिफका वास है। चामुंडा देवी के मंदिर के पास भगवान शिव विराजमान है जो कि नन्दिकेश्वर के नाम से जाने जाते है। चामुंडा देवी जी का मंदिर बाणगंगा (बानेर) नदी के किनारे पर स्थित है। चामुंडा देवी का मंदिर बहुत ही अपनी एक धार्मिक महत्वता है तथा यह मंदिर लगभग 16वीं सदी का है। नव रात्रि के त्यौहार के दौरान बड़ी संख्या में लोग दर्शनों के लिए मंदिर में आते है।**

चामुंडा देवी जी का मंदिर भारत का प्राचीन मंदिरों में से एक है, जो कि पश्चिम पालमपुर से लगभग 10 किलोमीटर, कांगडा से 24 किलोमीटर व धर्मशाला से 15 किलोमीटर की दूरी पर, कांगडा जिले, हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह मंदिर माँ चामुंडा देवी का समर्पित है जोकि भगवती काली का ही एक रूप है। चामुंडा देवी मंदिर को चामुंडा नन्दिकेश्वर धाम के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चामुंडा देवी मंदिर में ङ्गशिव और शक्तिफ का वास है। चामुंडा देवी के मंदिर के पास भगवान शिव विराजमान है जो कि नन्दिकेश्वर के नाम से जाने जाते है। चामुंडा देवी जी का मंदिर बाणगंगा (बानेर) नदी के किनारे पर स्थित है। चामुंडा देवी का मंदिर बहुत ही अपनी एक धार्मिक महत्वता है तथा यह मंदिर लगभग 16वीं सदी का है। नव रात्रि के त्यौहार के दौरान बड़ी संख्या में लोग दर्शनों के लिए मंदिर में आते है।

ऐसा माना जाता है कि लगभग 400 सालों पहले राजा और ब्राह्मण पुजारी ने मंदिर को एक उचति स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए देवी माँ से अनुमति मांगी। देवी माँ ने इसकी सहमति देने के लिए पुजारी को सपनें में दर्शन दिऐ औरएक निश्चित स्थान पर खुदाई करने निर्देश दिया था। खुदाई के स्थान पर एक प्राचीन चामुंडा देवी मूर्ति पाई गई थी, चामुंडा देवी मूर्ति को उसी स्थान पर स्थापित किया गया और उसकी रूप में उसकी पूजा की जाने लगी।

राजा ने मूर्ति को बाहर लाने के लिए पुरुषों को कहा, परन्तु सभी पुरुष उसी मूर्ति हिलाने व बाहर लाने सक्षम नहीं थे। फिर देवी माँ ने पुजारी को सपनें में दर्शन दिये और देवी माँ ने कहाँ कि सभी पुरुष मूर्ति का साधारण पत्थर समझ कर उठाने की कोशिश कर रहे है। देवी माँ ने पुजारी से कहां कि वह सबुह जल्दी उठें व स्नान करें तथा पवित्र कपडे पहनें और एक सम्मानजनक तरीके से बाहर लाने के निर्देश दिए, और कहाँ कि वह सभी पुरुष मिल कर जो नहीं कर सकें वह अकेला आस-ानी से तभी कर पायेगा। पुजारी ने सभी लोगों का बताया कि यह सब देवी माँ की शक्ति थी। मंदिर में अब महात्म्य, रामायण और महाभारत के दृश्य को दर्शाया गया है। माँ चामुंडा देवी में मूर्ति में भगवान हनुमान और भैरों दोनों की छवि नजर आती है।

एक पौराणिक कथा के अनुसार चामुंडा देवी को देवी प्रमुख के रुप में व रुद्र के नाम से प्रतिस्थापित किया गया था जब भगवान शिव और जालंधर राक्षस के बीच युद्ध हो रहा था, इसी स्थान को ङ्गरुद्र चामुंडाफ कहा जाता है तथा इस मंदिर ङ्गरुद्र चामुंडाफ के नाम से भी जाना जाता है।

एक अन्य कथा के अनुसार ङ्गसावर्णि मन्वन्तरफ में देवताओं और राक्षसों के बीच युद्ध हो रहा था। भगवती ङ्गकौशिकीफ ने अपनी एक भौं से देवी चंडिका को उत्पन्न किया। देवी कौशिकी ने चंडिका को चंद और मुंड दो राक्षसों को मारने के कार्य सौपा। देवी चंडिका ने दोनों राक्षसों से भीषण लड़ाई लड़ी और अन्त में दोनों राक्षसों को मार डाला और देवी चंडिका ने दोनों राक्षसों के सर काट कर ङ्गकोशिकी देवीफके पास ले आई। देवी कोशिकी ने खुश होकर चंडिका देवी को आर्शीवाद और कहा कि तुमने चंद और मुंड दो राक्षसों को मारा अतः तुम्हारी संसार में चांमुडा नाम से प्रसिद्धि होगी।

# पूजा के बाद बची पूजन सामग्री का क्या करें?

## कहीं आप तो नहीं करते हैं ये गलतियां

हिंदू धर्म में पूजा-पाठ में इस्तेमाल होने वाली हर सामग्री का विशेष महत्व होता है. पूजा में रोली, अक्षत, फल, फूल, नारियल या लौंग का अपना एक अलग महत्व होता है. इन पूजन सामग्री के बिना कोई भी पूजा-पाठ या हवन अधूरा माना जाता है. अक्सर पूजा के बाद थोड़ी बहुत पूजन सामग्री बच ही जाती है. आमतौर पर लोग बची पूजन सामग्री को या तो मंदिर में रख देते हैं या फिर बहते जल में प्रवाहित कर देते हैं. ज्योतिषों के मुताबिक बची हुई पूजन सामग्री का इस्तेमाल जीवन में सुख-समृद्धि लाने के लिए किया जा सकता है.

बची पूजन सामग्री का ऐसे करें इस्तेमाल

हर पूजा पाठ में कुमकुम का इस्तेमाल किया जाता है. अगर पूजा के बाद ये रोली बच जाती है तो घर की सुहागन महिलाएं इसे अपने मांग में लगा सकती हैं. ऐसा करने से उन्हें अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होगा. घर में कोई नई चीज खरीद कर ला रहे हैं तो इसका पूजन भी पूजा की बची हुई रोली से करना शुभ माना जाता है.

पूजा के बाद अगर फूल बच गए हैं तो इन्हे इधर-उधर नहीं फेंकना चाहिए, ये अशुभ माना जाता है. पूजा के बचे हुए फूलों को एक माला में पिरो कर उसे



घर के मुख्य द्वार पर बांध दें. जब ये फूल पूरी तरह सूख जाएं तो उन्हें अपने घर में किसी गमले में डाल दें. इससे नए पौधे उग आएंगे.

पूजा की थाली में अगर अक्षत बच जाए तो उसे अपने घर में रोज इस्तेमाल होने वाले गेहूं या चावल में मिला दें. मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहता है और घर में बरकत बनी रहती है.

पूजा पाठ में सुपारी का भी बहुत महत्व होता है. पूजा के दौरान अक्सर पान के पत्ते पर सुपारी रखी जाती है. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूजा खत्म होने के बाद इस सुपारी को एक लाल कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख दें. ऐसे करने से घर में कभी धन की कमी नहीं होती है.

# शुक्रवार के व्रत करने से आपके जीवन में होंगे ये 7 महत्वपूर्ण लाभ



हिंदी पंचांग के अनुसार सप्ताह के सातों दिन किसी न किसी देवता को समर्पित हैं। इसी तरह शुक्रवार का दिन माता लक्ष्मी और माता संतोषी को समर्पित किया गया है। माता संतोषी अपने भक्तों का पूरा ख्याल रखती हैं, वहीं माता लक्ष्मी अपने भक्तों को धन वैभव देती हैं।

मान्यता है कि जो जातक शुक्रवार के दिन पूरे सच्चे मन और भक्ति भाव के साथ शुकव्रार व्रत रखता है , उसकी सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है। इस वजह से हमें इस दिन विधिपूर्वक व्रत का पालन करना चाहिए। आइये जानते हैं कि शुकव्रार व्रत रखने से जातक को कौन- कौन से लाभ मिलते हैं।

शुकव्रार व्रत के लाभ

1. शुक्रवार व्रत से बहुत समय से रूके काम भी पूरे हो जाते हैं। कहा जाता है कि अगर किसी काम में रूकावट आ रही है तो आपको इस व्रत का पालन करना चाहिए।

2. शुक्रवार के व्रत से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि प्राप्त होती है, जिससे परिवार में खुशहाली और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

3. शुक्रवार के व्रत से अविवाहित कन्या को सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है, इसीलिए अविवाहित कन्याएं इस व्रत को पूरे श्रद्धा भाव से करती हैं।

4. शुक्रवार के व्रत से परीक्षा में असफल हो रहे व्यक्ति को सफलता मिलती है। मान्यता है कि इस व्रत से परीक्षा में अपार सफलता प्राप्त होती है।

5. अगर आप बहुत दिनों से अदालत के चक्कर काट रहे हैं और कोई हल नहीं मिल रहा है, तो शुक्रवार के व्रत का पालन कीजिये। इससे अदालत में आपके केस का जल्द से जल्द निपटारा हो सकता है।

6. शुक्रवार के व्रत से नि:संतान दंपत्ति को संतान सुख की प्राप्ति होती है, इस लिए विवाहित महिलाएं भी इस व्रत को पूरे श्रद्धा भाव से रखती हैं।

7. शुक्रवार के व्रत से व्यक्ति को धन की प्राप्ति होती है। इस व्रत से व्यापार में लगातार हो रहे घाटे से बचा जा सकता है।

हिन्दी दैनिक झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

# प्रकाश झा की वेब सीरीज से नाना पाटेकर करेंगे ओटीटी डेब्यू

मुंबई।

एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता के लगाए मीटू के आरोपों की वजह से बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर्स में शुमार नाना पाटेकर को काफी नुकसान झेलना पड़ा था और न सिर्फ कई फिल्में उनके हाथ से निकली थीं, बल्कि करीब दो साल वो ऑनस्क्रीन नहीं दिखे। हाल ही में उनकी फिल्म 'तड़काः लव इस कुकिंग' का टीजर रिलीज हुआ, जिस में वो तापसी पन्नू ,अली फजल और श्रिया सरन के साथ नजर आ रहे हैं। वहीं अब नाना पाटेक र अपने ओटीटी डेब्यू के लिए भी तैयार हैं और कहा जा रहा है कि जल्दी ही वो प्रकाश झा की एक वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक नाना पाटेकर जल्दी ही प्रकाश झा के साथ ओटीटी डेब्यू कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि नाना, प्रकाश झा की वेब सीरीज लाल बत्ती में नजर आएंगे। इस सीरीज में नाना के साथ एक्ट्रेस मेघना मलिक नजर आएंगी, जो मिर्जापुर और बंदिश बैंडिट्स जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं। लाल बत्ती में मेघना, नाना की पत्नी का किरदार निभा सकती हैं।



# फिल्म 'सलाम वेंकी' से वापसी करने जा रहीं काजोल

मुंबई।

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल जल्द ही रेवती द्वारा निर्देशित फिल्म 'सलाम वेंकी' से बड़े पर्दे पर वापसी करने वाली हैं। इस फिल्म में काजोल के साथ एक्टर विशाल जेठवा भी नजर आने वाले हैं। हाल में अपनी इस फिल्म के ट्रेलर को लेकर काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ कुछ जानकारी साझा की है। साथ में एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म का एक पोस्ट भी साझा किया है, जिसमें वो लाल रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। वहीं विशाल व्हीलचेयर पर नजर आ रहे हैं। साथ ही काजोल उनकी विशाल की व्हीलचेयर को पीछे से पुश करती नजर आ रही हैं। पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म में काजोल 'सुजाता' और विशान 'वेंकटेश' के किरदार में नजर आएंगे। साथ ही काजोल ने अपनी पोस्ट में जानकारी दी कि उनकी फिल्म का ट्रेलर इसी महीने 14 नवंबर को रिलीज होगा और फिल्म इसी साल अगले महीने 9 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर काजोल ने जो पोस्ट किया है उसमें एक्ट्रेस लिखती हैं 'एक बड़ी जिंदगी का बड़ा सेलिब्रेशन शुरू होने वाला है! सलामवेंकी का ट्रेलर 14 नवंबर को रिलीज हो रहा है!'।



# यामी गौतम की फिल्म लॉस्ट का इफ्फी में होगा एशियन प्रीमियर

मुंबई।

जी स्टूडियोज और नमह पिक्चर्स 'लॉस्ट' को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल और अटलांटा इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे प्रसिद्ध फिल्म समारोहों में काफी सराहना मिली है। फिल्म अब एक एशियाई प्रीमियर गाला के लिए प्रतिष्ठित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रीमियर होने की राह पर है। अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा अभिनीत, लॉस्ट एक मनोरंजक इंवेस्टिगेटिव ड्रामा थ्रिलर है जो एक उच्च खोज, सहानुभूति और अखंडता के खोए हुए मूल्यों की खोज को दर्शाती है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित, लॉस्ट एक उत्साही युवा महिला क्राइम रिपोर्टर की कहानी है जो एक युवा थिएटर एक्टिविस्ट के अचानक गायब होने के पीछे की सच्चाई की अथक खोज में है। कलाकारों के शानदार प्रदर्शन और फिल्म के शानदार नैरेटिव की न केवल प्रशंसा की जानी चाहिए, बल्कि मजबूत महिलाओं, नारीवाद और पत्रकारिता सहित उन विषयों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।दिलचस्प ड्रामा में एक शक्तिशाली कलाकारो का समूह है - यामी गौतम के साथ, फिल्म में पंकज कपूर, राहुल खन्ना और नील भूपालम, पिया वाजपेयी और तुषार पांडे सहित युवा प्रतिभाओं की प्रमुख भूमिकाये है। निर्देशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने साझा किया, मुझे खुशी है कि फिल्म को विभिन्न फिल्म समारोहों में इस तरह के जबरदस्त स्वागत के साथ ओपन किया गया था, और मैं अब आईएफएफआई जैसे प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के भव्य प्रीमियर के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

# पठान में दिखेगी शाह रुख और दीपिका पादुकोण की अब तक की सबसे सिजलिंग केमिस्ट्री

मुंबई।

दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की जोड़ी फैंस को काफी पसंद है और अब दोनों की ये जोड़ी फिल्म 'पठान' में फिर साथ नजर आने वाली है। इसे लेकर 'पठान' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद का कहना है कि फिल्म दीपिका पादुकोण को उनके सबसे अच्छे रूप में पेश करेगी। उनका कहना है कि इस फिल्म में दीपिका पादुकोण अपनी उपस्थिति से सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगी जैसा पहले कभी नहीं हुआ। सिद्धार्थ कहते हैं, दीपिका पादुकोण हिंदी सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़े सुपरस्टार के साथ हैं, और हमें पता था कि हमने 'पठान' में उनके लिए एक ऐसी भूमिका लिखी है जो न केवल लुभावनी है और उनके सुपरस्टारडम को भी दिखाती है।'पठान' उन्हें शायद अपने सबसे हॉट और साथ ही सबसे कूल अंदाज में दिखाएगी। शाहरुख और दीपिका की हाल ही में 'पठान' के सेट से कुछ तस्वीरें भी सामने आई, जिसमें दोनों मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वह आगे कहते हैं, उनकी एक-दूसरे के साथ इलेक्ट्रिक केमिस्ट्री है और वे एक साथ इतने हॉट लगते हैं। उनकी जैसी जोड़ी को ढूंढना दुर्लभ है और उनकी जोड़ी पठान के लिए एक बड़ी यूएसपी है। ओम शांति ओम', 'चेन्नई एक्सप्रेस' और 'हैप्पी न्यू ईयर' जैसी शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को देखते हुए शाहरुख और दीपिका भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी ऑन-स्क्रीन





# हुमा कुरैशी की मोनिका ओ माई डार्लिंग शुक्रवार को होगी रिलीज

मुंबई।

फिल्म एक्ट्रेस हुमा कुरैशी की फिल्म मोनिका ओ माई डार्लिंग शुक्रवार को नेटफ्लिस पर रिलीज हो रही है। इस फिल्म में हुमा कुरैशी के अलावा राजकुमार राव राधिका आप्टे, जाएन मेरी खान और राधिका मदान अहम भूमिका है।

हुमा कुरैशी इसके पहले फिल्म का ट्रेलर भी शेयर कि था। फिल्म सस्पेंस थ्रिलर होने के चलते काफी अ बन पड़ा है। हुमा कुरैशी ने एक और वीडियो किया था। इसमें वह अच्छे मूड में नजर आ रही है गाने की रिहर्सल कर रही है। वहीं वह इस फिल लेकर काफी उत्साहित है। वह कई कलाकारों के काम कर चुकी है। उनका अंदाज फैंस को काफी आता है।

एक्ट्रेस हुमा कुरैशी हाल ही में फिल्म डबल एक में नजर आई थी। इस फिल्म में उनके अलावा स सिन्हा की अहम भूमिका थी। वह फिल्म गैंग वासेपुर से डेब्यू किया था। इस फिल्म को काफी किया गया था। इस फिल्म में उनके अलावा अ कई कलाकारों की अहम भूमिका है।

